Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 148 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शुक्रवार 29 नवम्बर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



मन के उज्जवल भावों, पवित्र विचारों का नाम धर्म है।

Religion is a name given to pious feeling and lofty thoughts.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नवनिर्वाचित विधायक सुनील सोनी को विधानसभा सदस्यता की दिलाई शपथ







### सीएम विष्णुदेव साय ने नई जिम्मेदारी के लिए सुनील सोनी को दी बधाई

**रायपुर (विश्व परिवार)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के सभागार में आयोजित समारोह में नव निर्वाचित विधायक सुनील सोनी को विधायक पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित मंत्रीगणों और विधायकों ने सुनील सोनी को उनकी नई जिम्मेदारियों के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

विधायक श्री सुनील सोनी ने शपथ ग्रहण के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सहित उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं अपने क्षेत्र की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा और उनकी सेवा में समर्पित रहूंगा।

इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, किरण सिंह देव, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहब एवं जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।

## झारखंड की कमान एक बार फिर हेमंत सोरेन के हाथ, चौथी बार ली मुख्यमंत्री पद की शपथ





**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन ने गुरुवार को शपथ ली। रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जहां राज्यपाल संतोष गंगवार ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान मंच पर हेमंत सोरेन के पिता और पूर्व सीएम शिबू सोरेन और मां रूपी सोरेन, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव समेत कई दिग्गज नेता मौजूद रहे।

शपथ ग्रहण से पहले हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के जरिए जनता का आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश के सामाजिक न्याय, एकता और संघर्ष के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने एक्स पर लिखा, आज का दिन ऐतिहासिक होगा ङ्क एक ऐसा दिन जो हमारे सामूहिक संघर्ष, प्रेम-भाईचारे की भावना और न्याय के प्रति हम झारखंडियों के प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा। झारखंड की महान धरा ने हमेशा से विरोध और संघर्ष को जन्म दिया है और झामुमो भगवान बिरसा, भगवान सिदो-कान्हू, अमर शहीद तेलंगा खड़िया, फूलो- झानो, पोटो हो, शेख भिखारी समेत अनगिनत वीरों के संघर्षों से भरी उसी विरासत को समेटे हर दिन आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि आज का दिन राजनीतिक जीत के बारे में नहीं, सामाजिक न्याय के प्रति संघर्ष, सामाजिक एकता को प्रखर करने की हर रोज़ लड़ी जानी वाली लड़ाई को दोहराने का दिन है।आज का यह दिन यह भी बताता है कि लोकतंत्र पर बढ़ते दबाव के बीच झारखंड की महान जनता एक साथ खड़ी है। आज हर गांव, हर शहर में एक आवाज़ गूंज रहा है ङ्क अधिकार, समानता, एकता मतलब झारखंडियत की आवाज। इसमें कोई संदेह न रखें ङ्क हमारी एकता ही हमारा सबसे बड़ा हथियार है। हमें न विभाजित किया जा सकता है, न ही शांत किया जा सकता है। जब जब वे हमें पीछे धकेलते हैं, हम आगे बढ़ते हैं। जब जब वे हमें शांत करना चाहते हैं, हमारी हूल, उलगुलान, क्रांति की आवाज और प्रखर होती जाती है क्यूंकि हम झारखंडी हैं, और झारखंडी झुकते नहीं है। हेमंत सोरेन ने आगे कहा था, आज जब सामाजिक संरचना में गहरी दरारें पैदा हो रही हैं, तब हमें अपने पूर्वजों की उस एकता और हर झारखंडी को साथ लेकर चलने के संकल्प को पुनः दोहराना होगा। उन्होंने राज्य के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि हमारी लड़ाई अटल है, अविराम है। संघर्ष जारी है और आखिरी सांस तक रहेगा।

झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए हुए चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए गए थे। इसमें हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन को 56 सीटें हासिल हुई हैं। झामुमो को 34, कांग्रेस को 16, राजद को चार और भाकपा माले को दो सीटों पर जीत मिली है।

## संक्षिप्त समाचार

### हिजबुल्लाह के बीच सीजफायर मंजूर, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कराई डील

**तेल अवीव (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच सीजफायर से जुड़ी डील कराने में कामयाब रहे हैं। इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट ने मंगलवार देर रात युद्धविराम को मंजूरी दी। इस डील के बाद इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच लगभग 14 महीनों से चल रही लड़ाई खत्म हो जाएगी। राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनेट ने इसे 10-1 के मतदान से मंजूरी दी। इसके कुछ मिनट बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने घोषणा की कि युद्धविराम इजरायल और लेबनान के समय के अनुसार सुबह 4 बजे लागू हो जाएगा। भारतीय समय के मुताबिक 7:30 बजे यह सीजफायर लागू हो जाएगा।

### इस्कॉन पर नहीं लगेगा बैन, बंगलादेश में हाईकोर्ट ने दी राहत

**ढाका (एजेंसी)।** वीरवार को बंगलादेश में इस्कॉन को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली। कोर्ट ने इस्कॉन पर बैन लगाने से इंकार कर दिया है यानि इस्कान की गतिविधियां जारी रहेंगी। सोमवार को इस्कॉन से जुड़े चिन्मय दास को देशद्रोह के आरोप में ढाका एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी गिरफ्तारी के बाद से ही बांग्लादेश में तनाव बढ़ गया था। अदालत ने यह कहते हुए मामला खारिज कर दिया कि बिना ठोस सबूत के इस पर स्वतः संज्ञान नहीं लिया जा सकता।

## संविधान की प्रति हाथ में लेकर प्रियंका गांधी ने लोकसभा सदस्य के रूप में ली शपथ

### संसद पहुंचने में लगे 52 साल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रियंका गांधी केरल की वायनाड सीट से सांसद चुनी गई हैं। 52 साल की उम्र में प्रियंका गांधी ने लोकसभा में सांसद पद की शपथ ली है। इसी के साथ वर्तमान संसद की कार्यवाही में गांधी-नेहरू परिवार की तीन सदस्य शामिल होंगे।

शपथ ग्रहण के दौरान प्रियंका गांधी ने कहा, मैं प्रियंका गांधी वाड्रा, जो लोकसभा की सदस्य निर्वाचित हुई हूं, सत्य निष्ठा से यह शपथ लेती हूं कि मैं विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगी। मैं भारत की प्रभुता और अखंडता को अक्षुण्ण रखूंगी और जिस पद को मैं ग्रहण करने वाली हूं, उसके कर्तव्यों का श्रद्धापूर्वक निर्वहन करूंगी।



जय हिंद। सांसद पद की शपथ लेने के प्रियंका गांधी के हाथ में भारतीय संविधान की एक कॉपी थी। यह पल प्रियंका गांधी के लिए एक ऐतिहासिक पल था क्योंकि वह पहली बार लोकसभा में सदस्य के रूप में शपथ ले रही हैं।

बता दें कि केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भारी अंतर से जीत दर्ज की है। उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के उम्मीदवार सत्यन मोकेरी को 4,10,931 वोटों के भारी अंतर से हराया है। प्रियंका गांधी को 6,22,338 और सत्यन मोकेरी को 2,11,407 वोट मिले हैं। वहीं, भाजपा उम्मीदवार नव्या हरिदास 1,09,939 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

गौरतलब है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हालिया लोकसभा चुनाव में 3.65 लाख वोटों से वायनाड में जीत दर्ज की थी। जबकि उनकी बहन प्रियंका गांधी ने 4,10,931 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव में दो सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस चुनाव में राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली और केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ा था और दोनों ही सीटों पर विजय प्राप्त की थी।

## मानव तस्करी मामले में बड़ी कार्रवाई, एनआईए ने 6 राज्यों के 22 ठिकानों पर की छापेमारी

### मामले में विदेशी हाथ होने का शक



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) मानव तस्करी मामले में 6 राज्यों के 22 जगहों पर छापेमारी कर रही है। विदेशी हाथ होने के शक में एनआईए ने इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जानकारी के मुताबिक 6 राज्यों में यह छापेमारी चल रही है और कई देशों से इसके अंतरराष्ट्रीय तार जुड़े हुए है। 2024 में नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी ने मामला दर्ज किया था।

साइबर फ्रॉड मामले में नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी ने यह बड़ी कार्रवाई की है। साइबर फ्रॉड के जरिए बिहार गोपालगंज के युवाओं को विदेश में नौकरी देने के नाम पर लुभाया गया फिर जब वो विदेश गए तो उन्हे फर्जी काल सेंटर में बंधक बनाकर साइबर फ्रॉड का काम करवाया गया। वहीं म्यांमार लाओस से इस रैकेट के तार जुड़े होने की आशंका है।

इससे पहले, एनआईए ने 5 अक्टूबर को 5 राज्यों के 22 ठिकानों पर आतंकी साजिश और टेरर फंडिंग के शक में एक साथ छापेमारी की थी। एनआईए की ओर से यह छापेमारी महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में छापेमारी की गई थी। यह कार्रवाई आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मामलों को लेकर की गई थी। एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में बारामूला और अन्य क्षेत्रों में भी छापेमारी की थी। बारामूला में मौलवी इकबाल भट के घर पर एनआईए ने सुरक्षा बलों की मदद से तलाशी ली थी।

1 अक्टूबर को पश्चिम बंगाल के कई जिलों में छापेमारी की गई थी। 1 अक्टूबर को एनआईए की टीम ने दक्षिण 24 परगना, आसनसोल, हावड़ा, नदिया और कोलकाता में 11 जगहों पर छापेमारी की थी।

**छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस पर प्रदेशवासियों को बड़ी सौगात**

## छत्तीसगढ़ में 147 करोड़ रुपए की लागत से बनेगी चित्रोत्पला फिल्म सिटी : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

### चित्रोत्पला फिल्म सिटी से छत्तीसगढ़ी फिल्मों, नाटकों के साथ पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

### पद्मश्री विभूतियों की सम्मान राशि प्रतिमाह 5 हजार से बढ़ाकर 10 हजार रुपए करने की घोषणा





**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में 147 करोड़ रूपए की लागत से चित्रोत्पला फिल्म सिटी बनेगी। इसके लिए भारत सरकार ने 147 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी भाषा में दिए गए अपने सम्बोधन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार द्वारा फिल्म सिटी के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए राशि की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि चित्रोत्पला फिल्म सिटी के निर्माण से छत्तीसगढ़ी फिल्मों, छत्तीसगढ़ी नाटकों को प्रोत्साहन तो मिलेगा ही, साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में पद्मश्री सम्मान से विभूषित छत्तीसगढ़ की विभूतियों को दी जाने वाली सम्मान राशि प्रतिमाह 5 हजार रूपए से बढ़ाकर 10 हजार रूपए करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ी भाषा के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। छत्तीसगढ़ी गुरतुर भाषा है, जो हमें आपस में दिल से जोड़ती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी फिल्में काफी लोकप्रिय हैं। छत्तीसगढ़ी भाषा को बढ़ावा देने में छत्तीसगढ़ी फिल्मों का भी बड़ा योगदान है। मुख्यमंत्री ने साहित्य परिषद में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के विलय की समाप्ति की घोषणा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग राजभाषा छत्तीसगढ़ी को बढ़ावा देने का कार्य करता रहेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का साहित्य परिषद में विलय कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी भाषा को समृद्ध करने वाले छह साहित्यकारों को शॉल-श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ी भाषा में लिखित 12 पुस्तकों का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा को लोकप्रिय बनाने और राजभाषा का सम्मान देने के लिए यह जरूरी है कि हम छत्तीसगढ़ी भाषा में बातचीत करें और नई पीढ़ी को भी छत्तीसगढ़ी बोलना सिखाए। उन्होंने साहित्यकारों से छत्तीसगढ़ी भाषा में उपन्यास, कविता और इतिहास का लेखन करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा में सदस्य छत्तीसगढ़ी में अपना सम्बोधन दे सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सांसद के रूप में वे छत्तीसगढ़ी को संविधान की आठवें अनुसूची में शामिल कराने का प्रयास करेंगे।

कार्यक्रम में पद्श्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे और डॉ. रमेन्द्रनाथ मिश्र विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग के सचिव श्री अन्बलगन पी., संचालक संस्कृति एवं राजभाषा श्री विवेक आचार्य ने छत्तीसगढ़ी राजभाषा में सम्बोधन दिया। राजभाषा आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार ने बताया कि आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ी में 2700 से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। आयोग द्वारा अब तक छत्तीसगढ़ी भाषा की 1400 पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है।

## जनजातीय संस्कृति ने भगवान श्रीराम को अपने हृदय में बसा रखा है : विष्णुदेव साय





**रायपुर (विश्व परिवार)।** जनजातीय समाज का इतिहास धरती पर मनुष्य के पहले पदचाप के साथ जुड़ा हुआ है। जनजातीय संस्कृति ने भगवान श्रीराम को अपने हृदय में बसा रखा है। भगवान राम ने छत्तीसगढ़ में ही वनवास बिताया, यहीं पर उन्होंने माता शबरी के जूठे बेर खाए। जनजातीय अस्मिता का प्रश्न भारत की सनातन परंपरा की अस्मिता से जुड़ा हुआ प्रश्न है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में जनजातीय अस्मिता, अस्तित्व और विकास विषय पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि आज हमें जनजातीय समुदायों की अस्मिता और विरासत के प्रति संवेदनशील यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का नेतृत्व मिला है। आज जनजातीय समुदाय की हमारी बहन श्रीमती द्रौपदी मुर्मु भारत के सर्वोच्च पद पर आसीन हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जनजाति समाज सांस्कृतिक रूप से समृद्ध समाज है। यह समाज कुप्रथाओं का मुखर विरोध करता है। भारत की संस्कृति और देश की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए जनजातीय जननायकों के योगदान को याद करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर पूरे देश में 13 से 15 नवम्बर तक जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया।

## राजस्थान में कड़ाके की ठंड, कई जिलों में तापमान 10 डिग्री के नीचे; दक्षिण भारत में तूफान 'फेंगल' मचाएगा तबाही



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर भारत में लगातार ठंड बढ़ रही है। कई राज्यों समेत राजस्थान में भी पारा लागतार गिर रहा है। राजस्थान के कई जिलों में तापमान 10 डिग्री के नीचे जा पहुंचा है। इस बीच मौसम विभाग ने राज्य में कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया है। राजस्थान के अजमेर में पारा 3.1 डिग्री और बाड़मेर में पारा 3.4 डिग्री तक गिर गया है।

जहां एक और उत्तर भारत में ठंड पड़ रही है तो वहीं, दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। दरअसल, दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना गहरा दबाव कुछ घंटों में तूफान फेंगल में तब्दील हो हो सकता है। ये चक्रवात उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ते हुए तमिलनाडु के तट पर 30 नवंबर तक पहुंच सकता है।

**राजस्थान में गिरा पारा :** राजस्थान में कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है। राज्य के कई जिलों में पिछले दिनों न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम हो गया है। कुछ स्थानों पर कोहरा देखने को मिला। मौसम विभाग ने कहा कि आने वाले दिनों में लगभग यही स्थिति देखने को मिलेगी। दिसंबर की शुरुआत में राजस्थान में पारा और गिरेगा, जिससे जबरदस्त ठंड का एहसास होगा। हिल स्टेशन माउंट आबू में पारा लगातार गिर रहा है। यहां पर तापमान 6.8 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं, अजमेर में न्यूनतम तापमान 10.2, जयपुर में 14.4, सीकर में 11.5, कोटा में 13.4, भीलवाड़ा में 10.9, अलवर में 11.6 समेत कई जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के करीब है।

## पीएम नरेन्द्र मोदी को मारने की साजिश!, हथियार भी थे तैयार; अलर्ट मोड पर पुलिस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मुंबई पुलिस के कंट्रोल नंबर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मारने की साजिश का कॉल आया है। जिसमें प्रधानमंत्री के खिलाफ साजिश की बात कही गई है। इस मामले को लेकर पुलिस ने एक महिला को भी हिरासत में लिया है।

मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को फोन आया था, जिसमें कॉलर ने पीएम मोदी का जिक्र किया था। कॉलर का दावा है कि पीएम मोदी को मारने का प्लान तैयार था और हथियार भी तैयार थे। खबर है कि पुलिस इस मामले में FIR दर्ज करने जा रही है और कॉलर को ट्रेस कर रही है। इस संबंध में पुलिस ने एक महिला को भी गिरफ्तार किया है। प्रथम दृष्टया वह पारिवारिक कारणों के चलते परेशान नजर आ रही है।

**सलमान के लिए मिल चुकी है धमकी :** कुछ दिन पहले ही मुंबई के ट्रैफिक कंट्रोल रूम में सलमान के लिए धमकी भरा मैसेज आया था। ये धमकी रात करीब 12:00 बजे मिली। मैसेज में 'सलमान खान और लॉरेंस बिश्नोई' पर एक गाने का जिक्र किया गया है। एक महीने के अंदर गाना लिखने वाले को मार दिया जाएगा, धमकी देते हुए कहा गया कि गाना लिखने वाले की हालत ऐसी हो जाएगी कि वह अपने नाम से गाना नहीं लिख पाएगा। अगर सलमान में हिम्मत है तो वह उन्हें बचाएं।

## तिलहन फसलों के बीज उत्पादन और वितरण पर अनुदान राशि प्रति क्विंटल 1500 रुपए करने की स्वीकृति

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल, तिलहन फसलों को मिलेगा बढ़ावा एवं तिलहन उत्पादक कृषकों को मिलेगा लाभ



**रायपुर (विश्व परिवार)।** कृषक समग्र विकास योजना के तहत अक्ती बीज संवर्धन योजना के अंतर्गत तिलहन फसलों के बीज उत्पादन एवं वितरण पर अनुदान में वृद्धि के प्रस्ताव को वित्त विभाग ने मंजूरी दे दी है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर तिलहनी फसलों के लिए बीज उत्पादन और वितरण अनुदान को प्रति क्विंटल 1000 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये करने की स्वीकृति दी गई है। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने से विशेष रूप से तिलहन उत्पादक किसानों को लाभ होगा। उल्लेखनीय है कि अक्ती बीज संवर्धन योजना की शुरुआत से अब तक बीज उत्पादन और वितरण अनुदान में कोई वृद्धि नहीं की गई थी। अब तिलहन फसलों के बीज उत्पादन एवं वितरण पर प्रति क्विंटल 500 रुपये का अतिरिक्त अनुदान मिलेगा, जो किसानों को बीज की गुणवत्ता सुधारने और उत्पादन में वृद्धि करने में मदद करेगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की इस पहल का उद्देश्य किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के साथ-साथ तिलहन फसलों की खेती को बढ़ावा है। इस वृद्धि से किसान तिलहन फसलों की कृषि के लिए प्रोत्साहित होंगे और तिलहन की अधिक उपज सुनिश्चित करने के लिए बेहतर बीज का भी इस्तेमाल करेंगे। इस पहल से तिलहन फसलों की उत्पादकता बढ़ने के साथ ही किसानों की आय में भी बढ़ोतरी होगी।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय बिलासपुर में अंतर मंडलीय संगीत प्रतियोगिता गीत गुंजन का आयोजन




**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** आज दिनांक 28 नवंबर 2024 को मुख्यालय, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अंतर मंडलीय संगीत प्रतियोगिता गीत गुंजन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के अतंर्गत शास्त्रीय गायन (एकल) सुगम गायन (एकल), शास्त्रीय वादन (एकल).. सुगम वादन (एकल) विधाओं में कलाकारों के द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। इस कार्यक्रम में तीनों रेल मंडल रायपुर, नागपुर, बिलासपुर एवं मुख्यालय के कुल 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मनोज गुरूमुखी वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं श्रीमती डॉ. दर्शनिता बी. अहलूवालिया प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे थे। इस कार्यक्रम के विजेताओं एवं अन्य प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती ममता चक्रवर्ती एवं पंडित सुनील वैष्णव निर्णायक मंडल के रुप में उपस्थित रहें।

उल्लेखित है कि वर्तमान में वर्ष 2024-25 में अभी तक लगभग 2500 कर्मचारी एवं कर्मचारियों के परिवारजनों ने द.पू.म.रेलवे के विभिन्न स्तर के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

द.पू.म.रेलवे में आयोजित इन प्रतियोगितों का उद्देश्य रेल कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के बहुमुखी प्रतिभाओं को निखारने हेतु मंच प्रदान करना है।

## स्कूली बच्चों के लिए राज्यस्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता-2024 का आयोजन

### रायगढ़ के आयुष साहू और भिलाई के वत्सल सोनवानी राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का करेंगे प्रतिनिधित्व



**कुम्हारी ( विश्व परिवार )।** पावरग्रिड पॅश्चिम क्षेत्र-1 के कुम्हारी उपकेंद्र द्वारा 27 नवम्बर को छत्तीसगढ़ के स्कूली बच्चों के लिए ऊर्जा संरक्षण विषय पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के तीसरे और आखिरी चरण में राज्य के विभिन्न स्कूलों से ए-वर्ग में कक्षा 5 से कक्षा-7 तक के 50 तथा बी-वर्ग में कक्षा-8 से कक्षा-10 तक के 50 बच्चे यानि कुल 100 बच्चे इसमें शामिल हुए। इस प्रतियोगिता के प्रथम चरण में करीब एक लाख बीस हजार स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया था।

ए-वर्ग में सेण्ट टेरेसा कॉन्वेट स्कूल, रायगढ के आयुष साहू को प्रथम, विजय अंग्रेजी मीडियम स्कूल, चिरीमीरी के हिमांशु दास को द्वितीय और अम्बूजा विद्यापीठ, रवण की यशिका बागवानी को तृतीय पुरस्कार प्रात हुआ। इसी प्रकार बी-वर्ग में डीपीएस, भिलाई के वत्सल सोनवानी को प्रथम, अम्बूजा विद्यापीठ, रवण की सोम्या देवांगन को द्वितीय और संस्कार पब्लिक स्कूल, रायगढ़ की पावनी सिंघल को तृतीय पुरस्कार प्रात हुआ। इसके अलावा दोनों वर्गों में अन्य दस बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित बच्चे दिनांक 11 दिसम्बर, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में छत्तीसगढ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस आयोजन में श्री रजनीश तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक, पावरग्रिड, पश्चिम क्षेत्र-1, नागपुर (मुख्य अतिथि), श्री आर के शुक्ला, प्रबंधक निदेशक, सी एस पी टी सी एल, रायपुर, श्री रविंद्र कुमार, सहायक आयुक्त, केवीएस, आर ओ, रायपुर, श्री आर. एल. ठाकुर, संयुक्त निदेशक, दुर्ग, लोक शिक्षण निदेशालय, छतीसगढ़, श्री आर. के. दाश, वरि. महाप्रबंधक, पावरग्रिड, रायपुर, श्री एच. पी. पाल, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), पावरग्रिड नागपुर, तथा छत्तीसगढ राज्य के बिभिन्न जिलों से आए बच्चों के उनके माता-पिता सहित पावरग्रिड परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि, श्री रजनीश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि देश में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो/Bureau of Energy Efficiency द्वारा ऊर्जा संरक्षण अभियान के तहत प्रत्येक वर्ष देशभर में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया जाता है।

इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का निर्णय, श्री राज किशोर दाश, पावरग्रिड, डॉ. विकास चंद्र, सहायक प्राध्यापक, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ, सुश्री राधिका, पाठक - इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ, श्री करमन खट्टर, उप संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़, श्री. निहार रंजन साहू, परियोजना समन्वयक- क्रेडा, रायपुर और श्रीमती पिंकी सिंघ, टी जी टी (कला शिक्षा) केंद्रिय विद्यालय, बी एम वाई भिलाई द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंत में श्री एच. पी. पाल, महाप्रबंधक (मा.सं.), पावरग्रिड, नागपुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सभी प्रतिभागियों द्वारा बनाए Drawings की एक प्रदर्शनी लगाई गई जिसका उद्घाटन श्री रजनीश तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक (पावरग्रिड) तथा अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी का सभी बच्चों तथा उनके अभिभावकों ने इसका आनंद उठाया।

## दाऊ कल्याण महाविद्यालय द्वारा रासेयो शिविर का शुभारंभ

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** शासकीय दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलोदाबाजार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सप्त दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 27.11.2024 से 03.12.2024 तक ग्राम बिटकुली में किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ ए आर सी जेम्स के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र देव मिर्झा के नेतृत्व में आयोजित सप्त दिवसीय शिविर में मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती संतोषी संदीप मनहरे, विशेष अतिथि श्री संदीप पांडे जिला रासेयो सलाहकार बलौदाबाजार, श्री योगेंद्र कंवर, श्री रमेश कुमार जांगड़े, अमरसिंह बहेलिया, निर्मला वर्मा, ममता वर्मा, गांव के पंचगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। संदीप पांडे के बताया सभी को रासेयो का महत्व अनुशासन नेतृत्व क्षमता सीखने को मिलता है।महाविद्यालय के छात्रों को शिविर स्थल बिटकुली तक पहुंचाने के लिए श्री प्रमोद शर्मा द्वारा बस की सुविधा उपलब्ध कराया गया जिनका प्राचार्य के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## टीम कैट ने रायपुर दक्षिण विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक सुनील सोनी को जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी के नेतृत्व में कैट का एक प्रतिनिधी मंडल ने रायपुर दक्षिण विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक माननीय श्री सुनील सोनी जी से मुलाकात कर उन्हे जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट का एक प्रतिनिधी मंडल ने रायपुर दक्षिण विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक माननीय श्री सुनील सोनी जी से मुलाकात कर उन्हे जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही आज उनके जन्मदिवस पर उन्हे हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा** Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.), फोन नं. 0771 - 4222611, 4222612
ई-मेल: recovery.raipur@bankofbaroda.com

### अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस

यत: बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारों / जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकाएदारों से, उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी,जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अतः एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों/जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैं:-

| क्र. | शाखा का नाम /फोन नं. | उधारकर्ता /जमानतदार का नाम | प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक /भौतिक कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | रावांभाठा शाखा,रायपुर 9752410789 | श्री जीतन कुमार शर्मा पिता श्री नटलाल शर्मा और श्रीमती पुष्पा देवी पति श्री जीतन कुमार शर्मा पताः मकान नं.-07, सांई कुंज वार्ड नं.-17, उरकुरा, बीरगांव, रायपुर, छ.ग.- 493221 | आवासीय मकान से संबंधित खसरा नं.- 73/19, कुल क्षेत्रफल- 965 वर्गफीट, प.ह.नं.-40, ठाकुर देव वार्ड नं.-17, आरएनएम रायपुर-1, सप्रे नगर, सिद्धी विनायक हॉस्पिटल के पीछे, मौजा उरकुरा , तहसील एवं जिला - रायपुर , छ.ग. हैं जो श्रीमती पुष्पा देवी पति श्री जीतन कुमार शर्मा के नाम पर हैं. सीमाएं: पूर्व- रेखा माहेश्वरी का प्लाट, पश्चिम - जयंत का प्लाट, दक्षिण- रोड, उत्तर- नहर नाली. | 18.11.2023 रु. 24,32,822.61 + ब्याज + अन्य प्रभार 25.11.2024 सांकेतिक कब्जा |

अग्रेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा।

हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं.

दिनांक:29.11.2024, स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./15907/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 25-11-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 15907
वार्ड का नाम- 56 - अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR447B00015** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MRS. SUREDAR SEHGAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S.V. SEHGAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUSHIL KATIYAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. CHANDRA PRAKASH KATIYAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-( 10 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./15764/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 26-11-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 15764
वार्ड का नाम- 36- हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR436H00058** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **GOVIND NAGDEV SABAN DAS NAGDEV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O LT. DHOLURAM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. श्री राजकुमार नागदेव 2 श्री मुकेश नागदेव 3 श्री चंद्रशेखर नागदेव 4 श्रीमती वर्षा नागदेव 5 श्री विकास कुमार नागदेव** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1 स्व. गोविन्द राम नागदेव 2. स्व. गोविन्द राम नागदेव 3 श्री सबनदास नागदेव 4 श्री खेमन दास नागदेव 5 श्री खेमन दास नागदेव** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./16050/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 27-11-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 16050
वार्ड का नाम- 36- हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR737F00554** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MANMOHAN SURESH, PAWAN, HEMANT, SHIVDAS CHIND** पिता/पति, श्री/श्रीमती **....** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1.श्रीमती कमलेश चिंद - पति स्व. श्री मनमोहन चिंद** पिता/पति, श्री/श्रीमती **दोनो पुत्र - 1 यशिश चिंद 2 अनीश चिंद** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **मैं जितेन्द्र सुन्दरानी - पिता रामचंद्र सुन्दरानी,** निवासी भोई पारा, सारथी चौक, हरीशचंद्र गुरूद्वारा के सामने, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) 492001 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया **नाम जितेन्द्र कुमार सुन्दरानी पिता रामचंद्र सुन्दरानी रख लिया हू।** अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए **नाम जितेन्द्र कुमार सुन्दरानी पिता - रामचंद्र सुन्दरानी** से ही जाना व पहचाना जावे।

**जितेन्द्र कुमार सुन्दरानी**
**निवासी भोई पारा, सारथी चौक, हरीशचंद्र गुरूद्वारा के सामने, रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. ) 492001**

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, **JITENDRA SUNDRANI S/O RAM CHANDRA SUNDRANI** resident of Bhoi Para, Sarthi chowk, harish chandra, In front gurudwara , Raipur (C.G.) 492001 have changed my old name **JITENDRA SUNDRANI S/O RAM CHANDRA SUNDRANI** so in future, I should be recognized by new name that is **JITENDRA KUMAR SUNDRANI S/O RAM CHANDRA SUNDRANI** in all Government and other documents.

**JITENDRA KUMAR SUNDRANI**
**Bhoi Para, Sarathi chowk, harishchandra, In front gurudwara , Raipur (C.G.) 492001**

### संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्नालिखित हितग्राहियों को आवासीय भवन/भू-खण्ड/फ्लैट/दुकान 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भवन/भू-खण्ड/फ्लैट/दुकान को फी-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिनका फी-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है। अतः इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

| क्रं. | आबंटी का नाम | भवन/भू-खण्ड/ फ्लैट दुकान | क्रं. | आबंटी का नाम | भवन/भू-खण्ड/ फ्लैट/दुकान |
|---|---|---|---|---|---|
| | **दीनदयाल आवास योजना कोहका तिल्दा रायपुर** | | | **सामान्य आवास योजना शंकर नगर रायपुर** | |
| 1 | श्री ओम प्रकाश वर्मा पिता श्री नरसिंह वर्मा | एल.आई.जी. भवन क्रमांक-91 | 4 | श्रीमती सिया प्यारी चौबे पति स्व. यू.एस. चौबे | जनता-07, सेक्टर-01, शंकर नगर रायपुर |
| 2 | श्री ओम प्रकाश वर्मा पिता श्री नरसिंह वर्मा | एल.आई.जी. भवन क्रमांक-92 | | **अटल आवास योजना धनसुली रायपुर** | |
| | | | 5 | श्री अब्दुल रज्जाक पिता श्री अब्दुल गफ्फार | भवन क्रमांक - 159 |
| | **दीनदयाल आवास योजना धनसुली रायपुर** | | | | |
| 3 | श्री लेखराम साहू पिता श्री रमेश कुमार साहू | एल.आई.जी. भवन क्रमांक-205 | 6 | श्रीमती रेणु चौरसिया पति श्री देवी दयाल | एल.आई.जी. भवन क्रमांक-431 |

संपदा अधिकारी

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /16086/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 28-11-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 16086
वार्ड का नाम- 02 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 02 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802K00285** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PRAVEEN KUMAR GAJENDRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ASHOK KUMAR GAJENDRA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VINITA SHRIVASTAVA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VIPIN SHRIVASTAVA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री आदित्य कुमार हालदार
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /16022/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 28-11-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 16022
वार्ड का नाम- 70 - संत रविदास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR870F00207** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BRAJBHAN SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VISHRAM SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **AMIT SINGH KSHATRI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **K.S. KSHATRI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री आदित्य कुमार हालदार
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /16072/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 28-11-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 16072
वार्ड का नाम- 70 - संत रविदास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR813C00608** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHIRISH VINAYAK DEO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VINAYAK DEO** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAJENDER PRASAD ARORA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TARACHAND ARORA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री आदित्य कुमार हालदार
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /16027/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 28-11-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 16072
वार्ड का नाम- 70 - संत रविदास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR814A0137A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BRAHMANAND KHEMANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SABHAGCHAND KHEMANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SATYAJJIT PANIGRAHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMAKANT PANIGRAHI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री आदित्य कुमार हालदार
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /16021/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 28-11-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 16021
वार्ड का नाम- 70 - संत रविदास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR813C0215C** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KHANCHAND KODWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. CHETAN DAS KODWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. RAINA BAJAJ** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KISHORE KUMAR BAJAJ** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री आदित्य कुमार हालदार
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)

शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./16036/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 28-11-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 16036
वार्ड का नाम-10- रानी लक्ष्मी बाई वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 10 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227S00461** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MAMTA AGRAWAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O PURUSHOTTAM AGRAWAL** केनाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री विप्लव नैथानी** पिता/पति श्री/श्रीमती **पिता - श्री पूरन प्रकाश नैथानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री विवेकानन्द दुबे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)

शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./15728/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 28-11-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 15728
वार्ड का नाम-10- रानी लक्ष्मी बाई वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 10 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227L00448** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AKANKSHA JAIN** पिता/पति श्री/श्रीमती **MONIT JAIN** केनाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **AARATI MILIND MISAR** श्री/श्रीमती **MILIND BALUPARASAD MISAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री विवेकानन्द दुबे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)

शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./15614/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 28-11-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 15614
वार्ड का नाम-34- लाल बहादुर शास्त्री वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 34 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR333A0672A** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **TANVIR JAHA** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O M.A. MEMAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **मोहम्मद ईकबाल मेमन** श्री/श्रीमती **पिता - स्व. श्री अब्दुल सत्तार मेमन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री विवेकानन्द दुबे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

# आदतन अपराधी, गुंडे एवं बदमाश प्रवृति के लोगों के खिलाफ कड़ी करे कार्रवाई- एस पी

### जांच-विवेचना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं , प्रभारियों को लगी फटकार*

**गोपाल सिंह विद्रोही**



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने व लंबित मामलों के निराकरण की स्थिति जानने और निकाल के निर्देश देने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी और पुलिस राजपत्रित अधिकारियों की मौजूदगी में गुरूवार, 28 नवम्बर 2024 को क्राईम मीटिंग ली और थाना-चौकी प्रभारियों को सख्ती से कहा कि अवैध कबाड़ सहित प्रत्येक अवैध कार्य पर रोक लगाई जावे कहीं भी अवैध गतिविधियां नहीं होनी चाहिए, ऐसी कोई सूचना मिलने पर दूसरे थाना की टीम से कार्यवाही होने की स्थिति में संबंधित थाना प्रभारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि रात्रि गश्त को और प्रभावी बनाए, थाना प्रभारी रात्रि गश्त को अपनी मौजूदगी में हिदायत देकर रवाना करें और इसकी औचक चेकिंग हेतु राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया। साईबर क्राईम मामले में फौरन एक्शन ले ताकि ठग अपने मकसद में कामयाब न हो सके और ठगी की रकम को होल्ड कराकर पीड़ित को राहत दिलाया जा सके।

इस दौरान उन्होंने अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने, बेहतर और विजुअल पुलिसिंग करने सहित कई महत्त्वपूर्ण निर्देश दिए साथ ही कहा कि आदतन अपराधी, गुंडे एवं बदमाश प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफकड़ी कार्यवाही करें। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखे, असामाजिक तत्वों में पुलिस का खौफ बनाए रखने तथा सुगम यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में सक्रिय मौजूदगी बनाए रखने एवं नियमित रूप से पैदल गश्त व पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए।

**जांच-विवेचना में नहीं चलेगी लापरवाही, प्रभारियों को लगाई कड़ी फटकार-** एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने बैठक में प्रत्येक प्रभारियों से मामला पंजीबद्ध होने, गुम इंसान व मर्ग कायमी एवं शिकायत प्राप्त होने के बाद उसके विवेचना, जांच और निराकरण के क्या-क्या प्रयास किए गए है उसकी जानकारी ली और सुस्त कार्यप्रणाली बरतने वाले प्रभारियों को कड़ी फटकार लगाई और सख्त हिदायत दी कि जल्द और विधिवत् मामलों का निराकरण कर अवगत कराए। उन्होंने प्रभारियों को कहा कि गुम इंसान व मर्ग जांच को पूर्ण गंभीरता व संवेदनशीलता से जांच करें। निगरानी, गुण्डा बदमाशों सहित असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर लगातार बनाए रखे, पूर्ण सजगता के साथ आने-जाने वाले सभी वाहनों की बारीकी से चेकिंग की जाए, गिरफ्तारी व स्थाई वारंटी तामीली के लिए विशेष अभियान चलाए, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में बढ़ोत्तरी करते हुए अनिवार्य रूप से बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही कराए, क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु सूचना तंत्र को और मजबूत करने को लेकर निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, डीएसपी रितेश चौधरी, जिले थाना-चौकी प्रभारी व जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### धमाल संचालक के खिलाफ कोलाहल और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई कार्यवाही




**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी गाइडलाइन और दिशा निर्देशों का पालन नहीं करने वाले डीजे व धमाल संचालकों के खिलाफ कोलाहल और मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत कार्यवाही के निर्देश दिए गये हैं। जिसके परिपालन में जिला प्रशासन कोलाहल उल्लंघन करने वालो पर सतत निगरानी रखी जा रही है। जिसके परिणाम स्वरूप बीते बुधवार एक धमाल वाहन की जब्ती की गई, जिसकी बुकिंग शादी समारोह के लिए की गई थी। नगर में धमाल वहान द्वारा बिना अनुमती के तीव्र ध्वनि पर स्पीकर बॉक्स का संचालन किया जा रहा था, साथ ही मानक नियम और कानूनों का उल्लंघन भी किया जा रहा था। मामला प्रकाश में आने पर सूरजपुर के राजस्व अमले द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की गई। संचालक के खिलाफ कोलाहल और मोटर व्हीकल एक्ट अधिनियम के तहत केस भी दर्ज किया गया है। संचालक एवं आयोजक द्वारा यातायात को बाधित करते हुए मुख्य मार्ग में बारात निकालकर यातायात को बाधित किया जा रहा था, जिसके कारण आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही डीजे व धमाल से निकलने वाले तीव्र ध्वनि के कारण आम नागरिक एवं आसपास के रहवासियों में भी भारी आक्रोश व्याप्त किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप कोतवाली थाना द्वारा संचालक के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

# रबी सीजन में बीज और उर्वरक के वितरण के लिए पुख्ता करे व्यवस्था - कलेक्टर



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-कलेक्टर एस.जयवर्धन ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि विभाग व कृषि से जुड़े सभी संबंधित विभागों के कामकाज की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को लाभान्वित करना और उनकी स्थिति को मजबूत बनाना शासन व प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा दलहन और तिलहन की फसलों को बढ़ावा भी दिया जा रहा है। किसानों को इसका लाभ सुनिश्चित कर दलहन और तिलहन की खेती के लिए उन्हें प्रेरित करें।

कलेक्टर ने किसानों को दलहन-तिलहन एवं सिंचित क्षेत्रों में गेहूं की खेती को प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने कहा कि हम सबकी यह कोशिश होनी चाहिए की किसान ऐसी फसलें उत्पादित करें जिसकी बाज़ार में मांग हो, इससे किसानों को फायदा होगा। कलेक्टर ने कृषि एवं समवर्गीय विभाग के मैदानी अमले द्वारा जिले में चल रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने बैठक के एजेंण्डा बिन्दुओं तथा विभागीय उपलब्धियों के बारे में अधिकारियों से विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने समीक्षा के दौरान रबी सीजन में बीज और उर्वरक के वितरण के लिए पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में सभी किसानों ई-केवाईसी करने, के.सी.सी. पंजीयन, फसल बीमा पंजीयन के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

बैठक में उप संचालक कृषि सुश्री सम्पदा पैकरा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मनियारी नदी में दिनदहाड़े हो रहा अवैध रेत खनन, जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठे सवाल

**मुंगेली(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले के सांवतपुर इलाके में मनियारी नदी से दिनदहाड़े रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है, जिससे खनन माफियाओं का हौसला बुलंद दिख रहा है. महज 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सरगांव थाना क्षेत्र में यह अवैध कारोबार प्रशासन की नाक के नीचे जारी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही. स्थानीय लोगों के अनुसार, आधा दर्जन ट्रैक्टर-ट्रालियां प्रतिदिन नदी से रेत भर रही हैं. तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि मनियारी नदी में खुलेआम रेत का उत्खनन हो रहा है. ग्रामीणों ने इस अवैध कारोबार की शिकायत कई बार सरगांव थाने में की है, लेकिन अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया. इससे स्थानीय लोग आक्रोशित हैं. उनका आरोप है कि संबंधित अधिकारियों की मौन स्वीकृति इस अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रही है. सांवतपुर के सरपंच प्रतिनिधि मनोज उइके का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे मनियारी नदी पर हो रहे अवैध रेत उत्खनन को रोकने की मांग कर रहे हैं. इस मामले को लेकर सरगांव थाना प्रभारी संतोष शर्मा ने कहा, मेरे संज्ञान में यह मामला नहीं है. मैं फिलहाल मुंगेली में हूं. जानकारी मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी. वहीं एसडीएम बी.आर. ठाकुर ने कहा, नायब तहसीलदार को मौके पर भेजकर जांच और कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.

### पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति पुलिस चंगुल में




**सूरजपुर ब्यूरो दैनिक विश्व परिवार )**- बीते 28 नवंबर को ग्राम डुबी बड़कापारा, थाना राजपुर निवासी भगवान दास सांडिल्य ने चौकी खड़गवां में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी लड़की पूनम टेकाम को दिनांक 27.11.2024 के शाम को मुर्गा सब्जी नहीं बाने की बात पर नाराज होकर उसका पति हीरालाल उर्फ भेंटल सिंह के द्वारा चूल्हा के जलते लकड़ी एवं हाथ मुक्का से मारपीट किया है जिससे उसकी मृत्यु हो गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मर्ग कायमी उपरान्त धारा 103 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध कर चौकी खड़गवां पुलिस, एसडीओपी प्रतापपुर और फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची। मामले की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने हत्या के आरोपी को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। चौकी खड़गवां की पुलिस के द्वारा घेराबंदी कर आरोपी हीरालाल उर्फ भेंटल सिंह पिता केंदाराम उम्र 48 वर्ष निवासी जगन्नाथपुर खपरापारा चौकी खड़गवां को पकड़ा। पूछताछ पर उसने हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया, जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी खड़गवां योगेन्द्र जायसवाल व उनकी टीम सक्रिय रही।

### जिले में संचालित जनक वृद्धाश्रम बना बेसहारों का सहारा

**जशपुरनगर(विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार बेसहारा और असहाय वृद्धजनों को सहारा मिले इस उददेश्य से जिले में समाज कल्याण विभाग के तत्वाधन में छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान द्वारा संचालित जनक वृद्धाश्रम बांकीटोली में संचालित हैं। जहां वृद्धजनों और बेसहारो को सहारा मिल रहा है। इसी कड़ी में पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम बांसपारा निवासी 60 वर्षीय श्रीमती सुलोचनी मिंज और 78 वर्षीय श्री तिफ्लि एक्का को जनक वृद्धाश्रम में संरक्षण प्रदान किया गया है। जनक वृद्धाश्रम बांकीटोली से प्राप्त जानकारी अनुसार बांस पारा निवासी श्रीमती सुलोचनी मिंज एवं श्री तिफ्लि एक्का झोपड़ी में अकेला रहते थे। जिनका शारीरिक एवं आर्थिक स्थिति कमजोर हैं। इनके पास में रहने वाली सुरस्ती मिंज द्वारा वृद्धाश्रम के कर्मचारी को फोन के माध्यम से सूचना देने पर तत्काल निवास पते में जाकर सुलोचनी एवं तिफ्लि का जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार करने के बाद वृद्धाश्रम में संरक्षण प्रदान किया गया है। इस कार्य वृद्धाश्रम प्रबंधक कु. वन्दना तिग्गा, सामाजिक कार्यकर्ता जमनी बाई, मालती यादव, गांगी बाई, सुभन यादव आदि कर्मचारी का सहयोग रहा। वृद्धाश्रम समाज सेवा-जन सेवा करने हेतु संचालक वृद्धाश्रम का संपर्क नम्बर 7898817658 एवं 7804036672 है।

# भाजपा संगठन चुनाव महापर्व पर बूथ सदस्यों का चयन की गति तेज हुई



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-भारतीय जनता पार्टी का चुनाव महापर्व का नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में तीव्र गती देखने को मिला।

भाजपा कार्यकर्ता चुनाव अधिकारी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुप्ता के नेतृत्व में प्रत्येक बूथ सदस्यों का चयन किया जा रहा है जिसमें कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने को मिला ।आज निर्वाचन अधिकारी ने शिवनंदनपुर बूथ सदस्यों का चुनाव किया जिसमें बूथ क्रमांक 235 के अध्यक्ष समीर सिंह ,236 का दीपक सिंह, 237 का मनीष सिंह ,238 का श्यामू साहू, 239 का अनीता सिंह का अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया। यह चुनाव महापर्व में प्रमुख रूप से चुनाव अधिकारी वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुप्ता की उपस्थिति में संपन्न हुआ । मंडल प्रभारी दीपेंद्र सिंह चौहान, मंडल महामंत्री सीती कांत स्वाई,कृष्ण कुमार गोयल, रितेश जायसवाल, मनी बग्गा, अमरलाल साहू ,महेंद्र जायसवाल की उपस्थिति रही।

इस संबंध में शिवनंदनपुर भाजपा मंडल महामंत्री सीती कांत स्वाई ने बताया कि विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी अपना संगठनात्मक चुनाव महापर्व के रूप में मना रही है जिसके तहत प्रत्येक शक्ति केंद्र पर 50 सक्रिय सदस्य हैं जो बूथ पर 25 सदस्यों का चयन करेंगे ।आज इसी कड़ी में निर्वाचन अधिकारी अशोक गुप्ता के मार्गदर्शन में शिवनंदनपुर की शक्ति केदो पर चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें कार्यकर्ताओं की उत्साह देखते ही बन रहा था। देश के का सर्वांगीण विकास एवं इसको मजबूत बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का देश को विश्व पटल पर स्वर्ण अक्षरों में दर्ज कराने में साथ देने के लिए कुछ भी करने को तैयार दिखे।

### श्रीकांत प्रसाद चौरसिया नहीं रहे कल रिहंत नदी मुक्तिधाम में होगा दाह संस्कार



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार)**- नगर के प्रतिष्ठित नागरिक शिवनंदनपुर निवासी श्रीकांत प्रसाद चौरसिया का आज 90 वर्ष की अवस्था में अचानक निधन हो गया ,उनके निधन से शिवनंदनपुर सहित विश्रामपुर नगर में शोक का वातावरण है। जैसे ही इनके निधन की खबर लोगों को लगी उनके अंतिम दर्शन करने लोगों का तता लगा रहा। जेष्ठ पुत्र रामचरित्र चौरसिया, बीरबल चौरसिया का बाहर रहने के कारण स्वर्गीय श्रीकांत प्रसाद चौरसिया का पार्थिव शरीर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर के मर्चुरी में रखा गया है । छोटे पुत्र अजय चौरसिया ने बताया कि कल प्रातः 11 बजे नगर के रिहंद नदी तट स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# बाल विवाह रोकथाम में मिसाल बने दुर्गापुर पंचायत के सरपंच, राष्ट्रीय मंच पर साझा किया अपना अनुभव'



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-ग्राम पंचायत दुर्गापुर, जनपद प्रेमनगर के सरपंच श्री लाल सिंह श्याम ने अपने नवाचार और समाज सुधार के प्रयासों से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। उनके नेतृत्व में ग्राम पंचायत दुर्गापुर को बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने का अनूठा प्रयास किया गया, जिसकी गूंज अब पूरे देश में सुनाई दे रही है।

27 नवंबर 2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने राष्ट्रीय अभियान 卐बाल विवाह मुक्त भारत卐 का शुभारंभ किया। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में देशभर से बाल विवाह रोकथाम के लिए किए गए नवाचारों की कहानियां साझा की गईं। छत्तीसगढ़ राज्य से सूरजपुर जिले के दुर्गापुर पंचायत के सरपंच श्री लाल सिंह श्याम के नवाचार को इस कार्यक्रम में विशेष रूप से चयनित किया गया। पूरे देश में मात्र एक जनप्रतिनिधि को अपना अनुभव शेयर करने का मौका मिला जो एक गर्व का विषय है।

श्री लाल सिंह श्याम ने अपने पंचायत में बाल विवाह को रोकने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने गाँव के प्रमुख लोगों के साथ नियमित बैठक आयोजित कर विवाह योग्य बालक-बालिकाओं का पंजीयन सुनिश्चित किया। विवाह के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जाँच की गई और यदि किसी बालक की उम्र 21 वर्ष से कम या बालिका की उम्र 18 वर्ष से कम पाई जाती थी, तो उनके परिवारों को समझाकर बाल विवाह रोकने का प्रयास किया गया। साथ ही, सही उम्र में विवाह के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से पंचायत की ओर से 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र की बालिका की शादी पर 2,000 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

वर्ष 2023 और 2024 में अब तक 14 बालिकाओं को यह प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। इन प्रयासों ने पंचायत में सही उम्र में विवाह के प्रति जागरूकता बढ़ाई है और पूरे दुर्गापुर पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

श्री लाल सिंह श्याम ने अपने इस नवाचार को सूरजपुर ज़िला एनआईसी कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रस्तुत किया। वह पूरे देश से शामिल जनप्रतिनिधियों में एकमात्र ऐसे प्रतिनिधि थे जिन्होंने अपने प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल की। उनके इस कार्य की सराहना न केवल जिले में बल्कि पूरे देश में हो रही है।

सूरजपुर जिले के कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन ने श्री लाल सिंह श्याम की प्रशंसा करते हुए अन्य पंचायतों को भी इस तरह के नवाचार करने के लिए प्रेरित किया। ज़िला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू और ज़िला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं।

एक छोटे से गाँव की यह पहल न केवल पूरे जिले बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणादायक बन गई है। दुर्गापुर पंचायत के सरपंच श्री लाल सिंह श्याम ने यह साबित कर दिया कि सही सोच और प्रयास से बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान संभव है। उनके इस प्रयास से दुर्गापुर पंचायत बाल विवाह मुक्त बनकर

दैनिक
# विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर शुक्रवार 29 नवंबर 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संपादकीय

### स्मॉग का खतरनाक रूप

भारत अब दुनिया प्रति वर्ष सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाला देश बन गया है। भारत का उत्सर्जन चीन की तुलना में 22 गुना तेजी से बढ़ रहा है। इस वर्ष भारत के उत्सर्जन में 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित देश के कई इलाकों में स्मॉग ने खतरनाक रूप अपना रखा है। अब यह हर साल की कहानी हो गई है- इस सीजन में धुंध और हवा में मौजूद प्रदूषक तत्वों से बना स्मॉग वातावरण पर छा जाता है। जब यह हो जाता (या होने लगता) है, तब सरकारें और न्यायपालिका सब सक्रिय होती हैं। जब माहौल गुजर जाता है, तो सब भूल जाते हैं। इस सीजन में खासकर पंजाब के किसानों को खूब कोसा जाता है। उनके पराली जलाने को राजधानी वासियों की मुसीबत का मुख्य कारण बताकर समस्या की असल वजहों को चर्चा से बाहर रखने में कामयाबी पा ली जाती है। मगर अजरबैजान के बाकू में चल रहे संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के मौके पर जारी दो रिपोर्टों पर ध्यान दीजिए। एक रिपोर्ट ग्लोबल कार्बन बजट प्रोजेक्ट नाम की संस्था है और दूसरी अमेरिका के ऊर्जा सूचना प्रशासन (ईआईए) की। दोनों में शामिल आंकड़ों का निष्कर्ष है कि भारत अब दुनिया प्रति वर्ष सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाला देश बन गया है। भारत का उत्सर्जन चीन की तुलना में 22 गुना तेजी से बढ़ रहा है। इस वर्ष भारत के उत्सर्जन में 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है। चीन में वृद्धि महज 0.2 प्रतिशत रहेगी, जबकि अमेरिका में 0.6 प्रतिशत की गिरावट आएगी। पूरे विश्व के उत्सर्जन में 1.1 फीसदी बढ़ोतरी होगी। सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में भारत में बढ़ोतरी 6.5 प्रतिशत और चीन में 4.5 प्रतिशत रहेगी। भारत में इस साल पेट्रोलियम की मांग 280 प्रतिशत बढने् का अनुमान है। चीन के लिए यह आंकड़ा 90 प्रतिशत और अमेरिका के लिए 40 प्रतिशत है। तात्पर्य यह कि भारत में जलवायु का बिना कोई ख्याल किए कार्बन उत्सर्जन को अनियंत्रित बनाए रखा जा रहा है। पिछले दस साल में पर्यावरण मानदंडों के पालन संबंधी नियमों में जिस तेजी से ढील दी गई है, उस पर गौर करें, तो ये बात और साफ हो जाती है। स्पष्टतः अपने देश में यह समझ बनाने का कोई प्रयास नहीं है कि पर्यावरण रक्षा अपने लिए है, ना कि यह दुनिया पर कोई एहसान है।

# पुस्तक समीक्षा-देखन में छोटन लगे,घाव करे गंभीर को चरितार्थ करती हैं 'इमोजी' की लघुकथाएँ........

छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शैल चंद्रा किसी परिचय की मोहताज नहीं है। उनकी हिंदी व छत्तीसगढ़ी में विभिन्न विधाओं की रचनाएँ स्तरीय पत्र-पत्रिकाओं में निरंतर प्रकाशित हो रही हैं। जीवन के विभिन्न रंगों को अपने में समेटे हुए डॉ. शैल चंद्रा की 118 लघुकथाओं का एक अनूठा संगम है - इमोजी। उनका यह पाँचवाँ लघुकथा संग्रह वैभव प्रकाशन, रायपुर से प्रकाशित हुआ है।




'इमोजी' की हर कथा संक्षिप्त, मनोरंजक, सार्थक एवं इंसानी स्वभाव के उज्ज्वल पक्ष की पक्षधर है, जो सुधी पाठकों के अंतर्मन को भले-बुरे का एहसास कराती हुई जीवन-पथ पर सतत आगे बढ़ने के लिए मार्ग-प्रशस्त करती है। बस ज़रूरत है, तो सिर्फ़ पठन के साथ ही साथ मनन करते हुए सकारात्मक सोच के साथ उसे अपने व्यवहार में लाने की। लघुकथा साहित्य में अभिव्यक्ति की नवीनतम और लोकप्रिय विधा है, जो आकार में छोटी है, परन्तु अपनी बात कम से कम शब्दों में कहने में पूरी तरह से सक्षम है। यह कवि बिहारी के दोहों की तरह 'देखन में छोटन लगे, घाव करे गंभीर' को चरितार्थ करती है। डॉ. शैल चंद्रा ने अपनी बात इसी विधा में कहने का सफल प्रयास किया है। इस संग्रह की भूमिका बहुत ही सारगर्भित रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुधीर शर्मा ने लिखी है।

डॉ. शैल चंद्रा ने अपनी लघुकथाओं के लिए विषय का चयन अपने परिवेश से ही किया है। उन्होंने जीवन के हर क्षेत्र में व्याप्त सामाजिक विद्रूपताओं के अलावा उच्च अधिकारियों द्वारा आम आदमी के शोषण, भ्रष्टाचार, मानवीय संबंध, कोरोना से उपजी त्रासदी, मोबाइल का बढ़ता चलन, सामाजिक सरोकार, कथनी-करनी भेद, उच्च वर्ग की सम्पन्नता तथा निम्न वर्ग के संघर्षमय जीवन का बहुत ही सरल तथा सजीव रूप से सुन्दर चित्रण किया है। इनके पात्र कहीं भी वायवीय या काल्पनिक नहीं, बल्कि अपने आसपास के ही प्रतीत हो रहे हैं।

डॉ. शैल चंद्रा समाज में व्याप्त मूल्यहीनता, मानवाधिकारों के हनन, बाह्याडंबर, आर्थिक सामाजिक, राजनैतिक, एवं नैतिक विडम्बनाओं पर सीधे-सीधे प्रहार करती हैं। ये लघुकथाएँ जहाँ मानवीय मूल्यों के ह्रास का चित्रण करती हैं, वहीं पाठकों को नए सिरे से सोचने पर विवश भी कर देती हैं। यथा उनकी लघुकथा 'पुण्य फल' की ये पंक्तियाँ, हमने तो भई ऑनलाइन पूजा करवा रखी है। कम खर्च में पूरा पुण्य मिलता है।

डॉ. शैल चंद्रा की लघुकथाएँ कमोबेश रूप से यथार्थ के बहुआयामी पक्षों को संकेत करती हैं, जिनमें व्यंग्य की व्यंजना तथा अर्थ की दूरगामी व्यंजना का समावेश इस प्रकार होता है कि वह खुले अंत की ओर संकेत करती हैं। उनकी लघुकथाएँ जिस शिद्दत के साथ आज के यथार्थ को एक रचनात्मक संदर्भ देती हैं, वह उनके सुदीर्घ अनुभव, ज्ञान एवं संवेदना के उचित समायोजन का प्रतिफल प्रतीत होता है। संग्रह की लघुकथाएँ पाठकों के समक्ष कई बड़े प्रश्न भी उठाती हैं। यूँ तो सीमित कलेवर वाली लघुकथा में परिवेश के चित्रण की ज्यादा संभावना नहीं रहती, परंतु उन्होंने अपनी कई लघुकथाओं में बहुत ही सुंदर रूप में परिवेश का चित्रण कर दिया है। विषयों की विविधता इस बात का सूचक है कि उनकी नजर हर संवेदना पर टिकी है और उन्होंने हर अनुभूति को शब्दों में पिरोने का प्रयास किया है।

संग्रह की लघुकथाओं में उनके मानवीय मूल्यों की झलक दिखाई देती है, जिन्हें पठनोपरांत इनकी सम्प्रेषणीयता पाठक के अंतर्मन की गहराई तक उतर जाती है। यथा उनकी लघुकथा 'पाँचवाँ आश्रम' की ये पंक्तियाँ, पहले हमारे धर्म में चार आश्रम थे, अब समाज में पाँचवाँ आश्रम वृद्धाश्रम का चलन देखने में या रहा है। बेटे अपने वृद्ध माता-पिता को वृद्धाश्रम में पहुंचा आते हैं। बस मेरी इच्छा है कि मैं वृद्धाश्रम न जाकर इस घर को वृद्धाश्रम बना दूँ, ताकि घर से निकाले गए उपेक्षित को मैं सहारा डे सकूँ।

उनकी अनेक लघुकथाओं में जहाँ भावनात्मक रिश्तों की ज़मीन दरक रही है, वहीं उसके उजले अध्याय भी हैं। यथा लघुकथा 'हाइटेक संवेदना' की ये पंक्तियाँ, अब संवेदनाएं लोगों के मन में नहीं, मोबाइल के इस फ़ेसबुक, व्हाट्सअप या इसके जैसे कई एप में सिमट कर रह गई है।

डॉ. शैल चंद्रा की भाषा काफी लचीली है, जिसमें वे बातचीत के अंदाज में ही अपनी बात कहते चले गए हैं। सामान्य शब्दों के साथ-साथ उन्होंने कहीं-कहीं भारी भरकम शब्दों का भी प्रयोग किया है, जिनका पर्याय आम बोलचाल के शब्दों में भी उपलब्ध है। यथा उनकी लघुकथा 'सच्चा तर्पण' की ये पंक्तियाँ, मैं पितरों के श्राद्ध-तर्पण में विश्वास नहीं करती। मरने के बाद क्या पता, हमारे पितरों को खीर, पूरी मिलती भी है नहीं। मैं तो बुजुर्गों की देखरेख में विश्वास करती हूँ। हमारे बुजुर्गों को जीते जी उनकी पसंद का खिला-पिला दो, उनकी हर इच्छा पूरी कर दो, बस यही सच्चा श्राद्ध होगा। डॉ. शैल चंद्रा की लघुकथाएँ भ्रष्ट सरकारी तंत्र, राजनीतिक कुचक्र और उनमें फँसे एक आम आदमी की पीड़ा की सार्थक अभिव्यक्ति है। यथा, सत्ता का नशा शराब से बढ़कर होता है। तभी तो सारे नेता मंत्री सत्ता के नशे में चूर होकर आम जनता को भुला देते हैं। .... जहाँ हमारी भलाई की बात हो वहाँ किसी और की भलाई मायने नहीं रखती। फिर हम मंत्री क्यों बने हैं, बताओ तो ? हमें अपना कल भी तो देखना है।आशा ही नहीं, मुझे पूरा विश्वास है कि ये सहज, सरल एवं सारगर्भित लघुकथाएँ निश्चित रूप से सुधी पाठकों के मानस पटल पर अपना प्रभाव छोड़ने में कामयाब होंगी और लोगों में खंडित हो रहे मानवीय मूल्यों के प्रति आस्था जगेगी।

डॉ. शैल चंद्रा चूंकि कहानियां भी लिखती हैं। इसका प्रभाव उनकी लघुकथाओं में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। वे बड़ी सहजता से किसी ज्वलन्त समस्या को उठाती हैं और उसके निराकरण का संकेत भी अपनी लघुकथाओं में बिना किसी उपदेश के कर देती हैं। इस संग्रह की अधिकांश लघुकथाएँ सशक्त है। पुस्तक की डिजाईन और साज-सज्जा पर विशेष ध्यान दिया गया है। आवरण पृष्ठ खूबसूरत है। मुद्रण भी साफ-सुथरा है। व्याकरणिक और वर्तनीगत अशुद्धियाँ भी नगण्य हैं।

आशा है लघुकथा पाठकों एवं शोधार्थियों के बीच समीक्ष्य यह संग्रह लोकप्रिय होगा और लघुकथा साहित्य की श्रीवृद्धि करेगा। डॉ. शैल चंद्रा जी को इस बेहतरीन संग्रह के लिए हार्दिक बधाई।

**-डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा**
**रायपुर, छत्तीसगढ़, 98279814888**

## आलेख

# अराजकता फैलाने की बातें मतदाताओं को पसंद नही

राघवेन्द्र सिंह

आज़ाद भारत के इतिहास में तेईस नबंवर की तारीख़ कई मायने में बेहद अहम है। कल तक जिस भाजपा के खिलाफ राजनीतिक दलों और उनके रहनुमाओं ने मुसलमानों को जो डर दिखा कर एकजुट रक्खा था उसी फार्मूले से भाजपा ने बहुसंख्यक हिंदुओं को अपने हक़ में खड़ा करने का करिश्मा कर डाला है।'बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे'ज् इस के साथ ही वक़्फ़ बोर्ड के असीमित अधिकारों को लेकर जेपीसी की बैठकों में जिस तरह के विवाद और एक किसिम की हुल्लड़बाजी की खबरें और बयानबाजी हुई उसने भाजपा की राह महाराष्ट्र में आसान कर दी। आगे इस मुद्दे पर विपक्ष और सत्ता पक्ष के व्यवहार पर देश के जनमानस की पैनी नजऱ रहेगी। बहरहाल बहुसंख्यक वर्ग को भाजपा से अधिक विपक्ष के रवैए ने यह समझाने में सहयोग किया कि अल्पसंख्यक की भाँति एक नहीं हुए तो तुम्हारे हितों को काट कर उनको दिया जाएगा जो एकमुश्त वोट करते हैं । विपक्ष ने संतुलन की रणनीति पर काम नही किया तो महाराष्ट्र जैसे नतीजे आगे भी आते रहेंगे । इसे लेकर भाजपा मारे खुशी के फूल कर कुप्पा हुई जा रही है। नतीजतन महाराष्ट्र सरीखे अहम सूबे में कांग्रेस की लीडरशिप में चुनाव लड़ रही महा आगाड़ी विकास पार्टी की धोबी घाट वाली धुलाई हो गई । राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस से अलग होकर एनसीपी बनाने मराठा सरदार शरद पवार और पूर्व सीएम उद्दव ठाकरे का कांग्रेस के माईबाप राहुल गांधी जी का विधानसभा चुनाव के नतीजों ने बैण्ड बाजा जुलूस निकाल दिया है । दो सौ अट्ठासी सीटों वाले महाराष्ट्र में भाजपा नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने दो सो तीस विधायकों की जीत के साथ जो धमाका किया उसकी गूंज देर तक और बहुत दूर तक सुनाई देगी । लेकिन दूसरी तरफ़ झारखंड राज्य ने हेमंत सोरेन वाले इंडी ब्लाक को एक तरफा बहुमत देकर विपक्ष के दिए की लौ को भी ठंडी नही होने दिया । इसलिए देश के चतुर सुजान मतदाताओं को साष्टांग दण्डवत प्रणामज्क्योंकि वह लोकसभा चुनाव में दो सौ चालीस सीट पर भाजपा के अश्वमेघ यज्ञ को रोक कर नियंत्रित और नियोजित होने का निर्देश देता है तो दो सौ बहत्तर के स्थान पर केवल निन्यानवे सीटें जिताकर क़ायदे में रहने की नसीहत देता है । इसके बाद भी जब एनडीए के बहुमत वाली मोदी सरकार गिराने की धमकी देकर बांग्लादेश जैसी अराजकता फैलाने की बातें करने वाली कांग्रेस और उनके साथियों का कई राज्यों में बोरिया बिस्तर बांध कर साफ़ कर दिया है कि मतदाताओं को यह पसंद नही है। विपक्ष ने संतुलन की रणनीति पर काम नही किया तो महाराष्ट्र जैसे नतीजे आगे भी आते रहेंगे । इसे लेकर भाजपा मारे खुशी के फूल कर कुप्पा हुई जा रही है। नतीजतन महाराष्ट्र सरीखे अहम सूबे में कांग्रेस की लीडरशिप में चुनाव लड़ रही महा आगाड़ी विकास पार्टी की धोबी घाट वाली धुलाई हो गई । राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस से अलग होकर एनसीपी बनाने मराठा सरदार शरद पवार और पूर्व सीएम उद्दव ठाकरे का कांग्रेस के माईबाप राहुल गांधी जी का विधानसभा चुनाव के नतीजों ने बैण्ड बाजा जुलूस निकाल दिया है । खैर , राज्यों के चुनावी नतीजों पर आते हैं-महाराष्ट्र में अड़त्तर विधायकों वाला जो अगाड़ी गठबंधन फिर से सरकार बनाने का दावा कर रहा था उसके मात्र अड़तालीस प्रत्याशी ही विधायक बन पाए । जबकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना से और एनसीपी से अजीत पवार की बगावत के पहले उद्दव ठाकरे के नेतृत्व में महा अगाड़ी गठबंधन सरकार चला रहा था। यूपी और राजस्थान में उप चुनाव में भाजपा को पहले से ज्यादा कामयाबी देकर लोकसभा चुनाव में जो झटका दिया था।

## संशोधन सूचना

दैनिक विश्व परिवार, रायपुर में 28 नवंबर कोपृष्ठ 4 पर प्रकाशित जस्टिस मालवीय जी के लेख में लेखक का नाम त्रुटिवश गलत चला गया है । इसके लेखक का नाम डा. नरसिंह राम, ई एम एस ब्यूरो, वाराणसी है । कृपया संशोधन कर पढ़ा एवं समझा जाए ।

**--संपादक**

# मध्यांचल कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

- कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने पद के दायित्व का निर्वहन करें - न्यायमूर्ति श्रीमती विमला जैनट्ठ
- तीर्थ मंदिर में दान पेटी रखकर तीर्थ क्षेत्रों की धरोहर का संरक्षण करें -जम्बू प्रसाद

**अहार जी ( विश्व परिवार ) ।** बुन्देलखण्ड के प्रसिद्ध श्री दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र अहारजी की पावन भूमि पर भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी मध्यांचल के पदाधिकारियों का पद ग्रहण समारोह न्यायमूर्ति श्रीमती विमला जी जैन भोपाल (अवकाश प्राप्त न्यायाधीश , उच्च न्यायालय जबलपुर) के मुख्य आतिथ्य एवं कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्बूप्रसाद जैन की अध्यक्षता में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ । जिसमें न्यायायिक , प्रशासनिक, जनप्रतिनिधि, राष्ट्रीय कमेटी के पदाधिकारी विशिष्ट अतिथियों की मंच पर गरिमामयी उपस्थिति तथा मध्यांचल के अनेक जैन तीर्थ क्षेत्रों के पदाधिकारी व प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी मध्यांचल के प्रचार प्रमुख राजेश जैन रागी ने विज्ञप्ति में बताया कि गरिमामय समारोह के प्रथम सत्र की शुरुआत त्रिकाल चौबीसी के विशाल भव्य जिनालय में विराजमान मूलनायक भगवान शांतिनाथ , अरहनाथ व कुन्थुनाथ की विशाल भव्य प्रतिमाओं का अतिथियों द्वारा मस्तकाभिषेक, शांतिधारा एवं दीप प्रज्वलन और संगीतमय सामूहिक पूजन, तीर्थ वंदना तथा अहार जी में संचालित गुरुकुल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण के साथ की गई ।




**पदाधिकारियों को तीर्थ हित की दिलाई शपथ**- इस समारोह की मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्रीमती विमला जी जैन ने भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी मध्यांचल के पंचवर्षीय (2024 - 28) के लिए निर्विरोध नवनिर्वाचित अध्यक्ष तथा कार्याध्यक्ष , मनोनीत संरक्षक, सलाहकार, परामर्शदाता, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, चेयरमेन, मंत्री, प्रचार प्रमुख, प्रवक्ता सहित पचास से अधिक पदाधिकारियों को मध्यांचल अंतर्गत तीर्थ क्षेत्रों की धरोहर के हित ,संरक्षण ,संवर्धन, जीर्णोद्धार,सुरक्षा, विकास के लिए समर्पित रहने तथा कमेटी के संविधान व निर्देशों का पालन तथा अपने पद के दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई । जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष डी. के. जैन को शपथ ग्रहण का आकर्षण अनूठा रहा जिसमें संगीत की ध्वनि पर मध्यांचल के पदाधिकारी व तीर्थ क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक मंच पर ससम्मान लें जाकर शपथग्रहण कराई । शपथ उपरांत मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति श्रीमती विमला जी जैन एवं विशिष्ट अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अरविंद जी जैन सहित अतिथियों ने मध्यांचल के सभी पदाधिकारीयों को बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी मध्यांचल के सभी पावन तीर्थों का चहुंमुखी विकास करें और कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने पद के दायित्व का निर्वहन करें, मिलजुलकर कर्मठता, निष्पक्षता, संवेदनशीलता से तीर्थों के कार्य को गति देकर पुण्यार्जन कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करें। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मध्यांचल के पूर्व एवं नव निर्वाचित अध्यक्ष डी.के. जैन ने स्वागत एवं अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी का आत्मीय स्वागत करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण गतिविधियों एवं मध्यांचल के तीर्थों की वस्तु स्थिति को बताया और सभी से सहयोग की अपील की । अध्यक्षीय उद्बोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जम्मू प्रसाद जैन ने सभी क्षेत्रों पर दान पेटी रखने का अनुरोध किया । उन्होंने वर्तमान में सम्मेद शिखर जी, गिरनार जी सहित अनेक तीर्थ क्षेत्रों के सुप्रीम कोर्ट , हाई कोर्ट में चल रहे प्रकरणों के संबंध में जानकारी देकर सभी से आर्थिक मजबूती प्रदान करने की अपील की । इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सुरेश जैन (आईएएस) भोपाल, वीरेश सेठ राष्ट्रीय मंत्री , जैनेश झांझरी राष्ट्रीय अध्यक्ष उप समिति और संवर्धन , सुरेंद्र बाकलीवाल व अमित जैन जैनको अध्यक्ष नव निर्माण एवं जीर्णोद्धार कमेटी सहित अनेक अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किये । कार्याध्यक्ष संतोष कुमार जैन घड़ी ने विश्वास दिलाया कि तीर्थक्षेत्रों का दौरा कर आवश्यक संसाधन जुटाकर विकास के लिए तत्पर रहेंगे और महामंत्री राजकुमार घाटे ने सभी का आभार व्यक्त किया । सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान अहार क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र जैन बड़ागांव , मंत्री राजकुमार जैन सहित अनेक तीर्थ क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने किया ।

**प्रथम केबिनेट बैठक में क्षेत्र हित में लिए निर्णय** - द्वितीय सत्र में मध्यांचल कमेटी की प्रथम कैबिनेट बैठक का आयोजन किया गया , जिसमें कमेटी के राष्ट्रीय एवं अंचल के पदाधिकारी व सदस्य तथा मप्र (बुन्देलखण्ड) - छग अंचल के विभिन्न तीर्थ क्षेत्रों के पदाधिकारी व प्रतिनिधियों ने भाग लिया , जिसमें सुझाव विचार प्रस्तुत होने उपरांत 13 प्रस्ताव पारित किए गए , जिसमें प्रमुख रूप से प्रत्येक वर्ष किसी भी तीर्थ पर अंचल का वार्षिक अधिवेशन तथा कार्यकारिणी की दो मीटिंग/ बैठक की जाएगी , प्रत्येक क्षेत्र पर दान पेटी रखी जाएगी द्य तीर्थ क्षेत्र कमेटी से संबद्ध सभी तीर्थों पर प्रतिबद्धता एवं निर्देशों का कमेटी के मुख्य पदाधिकारीयों के नाम सहित बोर्ड लगाया जाएगा, प्रत्येक तीर्थ क्षेत्र में विधिवत दस्तावेजों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखे जाने की प्रक्रिया प्राथमिकता पर की जाएगी द्य सुरक्षा हेतु बाउण्ड्रीबाल सहित अन्य उपाय किए जाएंगे , जिन क्षेत्रों पर वाटर कूलर तथा वाशिंग मशीन नहीं पहुंची वहां अनूठी योजना से व्यवस्था की जाएगी द्य तीर्थ क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं को अपने संबंधों से निदान करने को तत्पर रहेंगे , प्रशासनिक व दानवीरों से अनुदान प्राप्त कर विकास कार्य किए जाएंगे , भारतवर्षीय दिग. जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी से प्राप्त अनुदान को आवश्यकता अनुसार अंचल के तीर्थों के विकास हेतु प्रदान किए जाएंगे तथा मध्यांचल के प्रत्येक सदस्य द्वारा चार माह में दस दस नए सदस्य बनवाएं जायेंगे सहित प्रस्ताव पारित किए गए ।

**--राजेश जैन रागी ( वरिष्ठ पत्रकार )**

# हमारा संविधान:कितना सफल,कितना विफल

**प्रो. मनोज डोगरा**

भारत के संविधान पर भले ही अन्य विदेशों के संविधानों का थोड़ा या ज्यादा प्रभाव जरूर पड़ा हो, लेकिन इस बात को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि हमारे संविधान पर हमारी पुरातन भारतीय संस्कृति की अमिट छाप है। इसे हम सबने आत्मार्पित किया है विश्व के सर्वश्रेष्ठ संविधानों का अध्ययन करने के पश्चात जो हमारे देश के प्रति अनुकूल हो, ऐसी व्यवस्थाओं को अपनाकर देश की स्थितियों के अनुसार परिवर्तन कर, उन्हें लागू करने की गाथा अपने आप में एक गौरवमयी यात्रा रही है। इससे भी अधिक भारतीय संविधान निर्माण की गाथा ऐतिहासिक भी रही है, क्योंकि जब भारत स्वतंत्र हुआ तो नीति निर्माताओं के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती देश को संचालित करने के लिए अपने कानून, नियमों का होना था, जिसकी पूर्ति के लिए संविधान सभा का गठन हुआ, जोकि देश के प्रत्येक क्षेत्र की प्रतिनिधि थी। भारतीय संविधान की रचना भी कोई एक दिन की कहानी नहीं है, बल्कि कई वर्षों के अथक प्रयासों का सम्मिलित रूप है। आज की पीढ़ी को सब कुछ थाली में सजा-परोसा मिलता है न, इसीलिए उसे इसकी कीमत पता नहीं है। हमारे देश ने करीब दो सौ सालों तक केवल ब्रिटिश हुकूमत की गुलामी झेली है। यह समय कितना असहनीय और पीड़ादायी रहा है, यह हमारे लिए कल्पना के भी परे है। किसी भी देश-समाज के संतुलित विकास में उस देश के नियम व कानून बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। भारत में इन कानूनों-नियमों का शासन शास्त्र संविधान कहलाता है। शासन प्रशासन की शक्तियों का स्त्रोत हमारा भारतीय संविधान अपने आप में एक विशेष आयाम रखता है जिस आधार पर ही इसे विश्व के सबसे लंबे व विस्तृत संविधान होने का गौरव प्राप्त है। हम सभी बेहद भाग्यशाली हैं, जो हमने स्वतंत्र भारत में जन्म लिया। हम कुछ भी कर सकते हैं, कहीं भी आ-जा सकते हैं। कुछ भी बोल सकते हैं। जरा सोचिए, कितना हृदय विदारक होता होगा, जब आपको बात-बात पर यातनाएं दी जाती हों। भारत ने कभी गुलामी स्वीकार नहीं की, बल्कि सदैव संघर्ष किया तथा 1947 में अंग्रेजों को भगाया और देश के कुशल संचालन की चिंता चिंतन में परिवर्तित हुई तथा संविधान सभा ने संविधान को 26 नवंबर 1949 को पारित किया तथा 26 जनवरी 1950 से यह प्रभावी हुआ। 26 नवंबर भारत के संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया है, जबकि 26 जनवरी का दिन भारत में गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। 02 वर्ष 11 महीने 18 दिन तक चले रचना कार्य में निर्माताओं ने एक ऐसा कानूनी दस्तावेज तैयार किया जो वर्तमान की स्थिति, भविष्य की योजना व पूर्व के इतिहास को एक साथ लेकर आगे बढ़ा और आज पूरे विश्व के लिए एक आदर्श मिसाल प्रस्तुत करता है। वर्तमान काल में चिंतन का विषय आ जाता है कि क्या 'शासन का शास्त्र' सही मायने में बन भी पाया है हमारा संविधान, या वास्तविकता कुछ और ही है? वैसे किसी भी राष्ट्र का सबसे पवित्र ग्रंथ उस देश का संविधान होता है, लेकिन भारत में अधिकांश लोगों को संविधान का सार, यानी प्रस्तावना तक का एक भी अंश याद नहीं होगा। लोगों को समझना होगा कि भारत के संविधान का जब निर्माण हुआ था तो यह देश की भौगोलिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक-सामाजिक विरासत व परिस्थितियों का एक प्रतिबिंब था। इसका अनुसरण करके हम भारत को समझ सकते थे। हमें यह 'शासन शास्त्र' ऐसे ही विरासत में नहीं मिला है। इसका एक-एक नियम, अधिकार, कर्त्तव्य, निर्देशक सिद्धांत, उपबंध व सभी व्यवस्थाएं कड़े संघर्ष के पश्चात हमें प्राप्त हुए हैं व विकट परिस्थितियों के बीच प्राप्त हुए हैं, लेकिन आज यह भारत का कानून है,

## सराकोद्धारक आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज का पंचम समाधि दिवस कार्यक्रम सम्पन्न




**लखनपुर ( विश्व परिवार )।** पश्चिम बंगाल (विश्व परिवार)। सराक बन्धुओं के बीच सराकोध्दारक, सराको के मसीहा, आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज की विनयांजलि सभा पंचम समाधि दिवस पश्चिम बंगाल बांकुड़ा जिले के लखनपुर मैं संघस्थ ब्रश मंजुला दीदी जी के सान्निध्य एवं श्री ज्ञानसागर भक्त परिवार की सहयोग से भारतवर्षीय दिगम्बर जैन सराक ट्रस्ट एवं प्राच्य श्रावक श्रमण केन्द्रीय समिति के तत्वावधान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में हजारों की संख्या में सराक, जैन श्रद्धालु झारखंड, उड़ीसा, पंश बंगाल से शामिल हुए कार्यक्रम में दीदी जी के निर्देशन से जनसैलाब के साथ गुरुदेव की झांकियां सहित नगर में जुलूस शोभा यात्रा, चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, चरण पादुका प्रक्षालन, पूजन, आरती सामूहिक रुप से करने के पश्चात निबंध प्रतियोगिता प्रतिभागियों को वाचन एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा गुणानुवाद कराया गय। साध ही भावपूर्ण विनयांजलि गूरुदेव को समर्पित किया गया।

गुरु ज्ञानसागर जी महाराज एवं सराक बन्धु विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय चतुर्थ पंचम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत सम्मान राशि देकर किया गया। बालिकाओं ने मंगलाचरण, भक्ति संगीत एवं गुरू स्मरण भजन से नृत्य प्रदर्शन प्रस्तुत की। अपने पूज्य गुरुदेव के स्मरण में उपस्थित सराक जैन महिला पुरुष, बाल-गोपाल सभी नयनों में अश्रुपूरित जलधाराएं गुरुदेव के चरणों में झलक रही थी। 15 से 20 मिनट जनसैलाब में मातम छा गया।

कार्यक्रम संचालन में श्री नितिन शास्त्री, सुरेन्द्र जी शास्त्री, सागर का सहयोग सराहनीय रहा। संयोजन में सराक जैनट्रस्ट के प्रतिनिधि श्री विनोद जी जैन पुरुलिया, प्राच्य श्रावक श्रमण केन्द्रीय समिति के पदाधिकारी, सदस्य, श्री रमेशचन्द्र मांझी, रविन्द्र नाथ मांझी, किरीटीभूषण। मांझी, सृष्टि धर मांझी, गौरांग मांझी, आशीष मांझी रांची, झाश, श्री पुटुक माजी, असित लायेक, रामदुलाल मंडल, पुरुलिया, श्री गयाराम माजी, संजय माजी, लखन माजी, सुदांसु माजी के साथ स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## धन्य है दिगंबराचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज और उनकी चर्या, 22 दिन में नांदणी से श्रवण बेलगोला विहार, फिर भी चेहरे पर मुस्कान


**नांदणी ( विश्व परिवार )।** धन्य है निर्ग्रंथ योगी दिगंबराचार्य श्री विशुद्धसागरजी महाराज और उनकी चर्या- 22 दिन में नांदणी से श्रवणबेलगोला विहार फिर भी है चेहरे पर मुस्कान। चर्या शिरोमणी आचार्य श्री 108 विशुद्धसागर जी महाराज संसघ का मंगल विहार गोम्मटेश बाहुबली श्रवणबेलगोल (कर्नाटक) से जैनरगुत्ति हासन (कर्नाटक) पंचकल्याणक महोत्सव के लिए हुआ है। आगामी पंचकल्याणक महोत्सव दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जैनरगुत्ति हासन कर्नाटक में आज 29 नबम्बर 2024 से 4 दिसम्बर 2024 तक संपन्न होगा। आचार्य श्री विरागसागर महाराज जी के सुशिष्य, आध्यात्म योगी, चर्या शिरोमणी, वितरागी श्रमण- संस्कृति के आध्यात्मिक सद्गुरू दिगंबराचार्य का नाम है- श्री विशुद्धसागरजी महाराज।



भारत कि पावन वसुंधरा पर अनेकों ऋषी मुनीयों ने अपनी पवन चरण धुलि से इस वसुमती को परम पवित्र किया है और समाज को एक नई दिशा प्रदान कि है। इसी शृंखला में इक्कीसवीं सदी के एक दूर- दृष्टा, युवाओं के प्रेरणा पुंज, आगमनुसार आचरण कर के जन- जन को सद्- बोध देने वाले आध्यात्मिक गुरू आचार्य श्री विशुद्धसागरजी महाराज द्वारा वर्तमान में कि गई धर्मप्रभावना समाज के समक्ष उपस्थित है। सत्य, अहिंसा, मैत्री, जियो और जिने दो के साथ आचार्य विरागसागर महाराज जी के चमकते सितारे आचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी का मुख्य नारा नमोस्तु शासन जयवंत हो है। सुव्रत सागर महाराज जी ने अपने प्रवचन में कहा कि- जैन धर्म के तीर्थंकर प्रभू महावीर ने कहा ; कैची नहीं, सुई बनो। दुनिया को तोडना नहीं परस्पर जोडना सीखो। जियो और जीने दो यही अहिंसा धर्म है।

चर्या शिरोमणी आचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी सहित विहार में उनके संघ के 19 शिष्य- श्रमण मुनि श्री सुव्रतसागर जी, श्रमण मुनि श्री साम्य सागर जी, श्रमण मुनि श्री संजयंत सागर जी, श्रमण मुनि श्री यशोधर सागर जी, श्रमण मुनि श्री यत्न सागर जी, श्रमण मुनि श्री निर्ग्रन्थ सागर जी, श्रमण मुनि श्री निर्मोह सागर जी, श्रमण मुनि श्री निसंग सागर जी, श्रमण मुनि श्री निर्विकल्प सागर जी, श्रमण मुनि श्री जितेंद्र सागर जी, श्रमण मुनि श्री सुभग सागर जी, श्रमण मुनि श्री सिद्ध सागर जी, श्रमण मुनि श्री सिद्धार्थ सागर जी, श्रमण मुनि श्री सहर्ष सागर जी, श्रमण मुनि श्री सत्यार्थ सागर जी, श्रमण मुनि श्री सार्थक सागर जी, श्रमण मुनि श्री सार्थ सागर जी, श्रमण मुनि श्री समकित सागर जी, श्रमण मुनि श्री सम्यक सागर जी महाराज। श्रमण संस्कृती के प्रमुख आचार्यो में से एक चर्या शिरोमणी दिगंबर जैन आचार्य 108 श्री विशुद्धसागर महाराज जी। गुरुदेव के चरणो में कोटिश : नमन। नमोस्तु शासन जयवंत हो।

## दूसरों पर उपकार करने वाले कभी दु:खी नहीं रहते : श्रुतसंवेगी श्रमण श्री आदित्यसागर जी



**नांदणी ( विश्व परिवार )।** चर्या शिरोमणी आचार्य भगवन विशुद्धसागर महाराज जी के अनमोल रत्न श्रुतसंवेगी श्रमण श्री आदित्यसागर जी महाराज जी आध्यात्मयोगी, चर्या शिरोमणि पट्टाचार्यश्री 108 विशुद्धसागर जी महाराज के प्रज्ञावंत शिष्य श्रुतसंवेगी श्रमणरत्न मुनि श्री 108 आदित्यसागर जी मुनिराज ससंघ का मंगल विहार धर्म नगरी कोटा से से अशोक नगर (म. प्र) की ओर चल रहा है। प्रवचन की दुनिया में मुनि श्री आदित्यसागर महाराज जी का एक ऐसा नाम हैं, जिनकी लोकप्रियता दिनों-दिन बढ़ती ही जा रही है। अखबारों मे हो या फिर सोशल मीडिया का प्लेटफार्म, हर जगह मुनि श्री आदित्यसागर महाराज जी का जिक्र होता हुआ मिल जाएगा। उनके प्रवचन में जहां सैकड़ों-हजारों श्रावक-श्राविकाओं की भीड़ होती है। तो वहीं सोशल मीडिया पर उन्हें फॉलो करने वाले भक्तों की संख्या लाखों में पहुंची है। कारण उनमें वह सभी योग्यता है, जो एक मोटिवेशनल प्रवचनकार को आम लोगों के बीच में लोकप्रिय बनाती है। अच्छे लोगों की निंदा और बुरे लोगों की प्रशंसा कभी न करें। ऐसा करने से आपका भाग्य कमजोर होगा और आपको चाहनेवाले कम हो जायेंगे। सही बात है- सूर्य पर उछाली गई स्याही से सूर्य पर कभी दाग नहीं आता। उछालने वाले का ही मुख काला हो जाता है। दूसरों पर उपकार करनेवाले कभी दु:खी नहीं रहते। दुसरों को दु:खी करनेवाले कभी सुखी नहीं रहते। आज से दुसरों के दु:ख घटायें, न कि दुसरों के दु:ख बढायें। सही बात है- मदद करनेवाला ही मदद का हकदार होता है। नमोस्तु शासन जयवंत हो। **-अभिषेक अशोक पाटील**

## दिगंबरत्व की भक्ति आराधना से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता हैं : अंतर्मना श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

**अंतर्मना के चतुर्विध संघ का गाजे-बाजे के साथ सदर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश**

**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराज ने कहा कि दिगंबरत्व की भक्ति आराधना ही मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करती है। संत-वियोग, शत्रु-मित्र, सुख- दु:ख में संत समता भाव धारण करते हैं। श्रावक लोभ के कारण समता भाव धारण नहीं कर सकते। जहां जनम है, वहां मरण है। जहां दु:ख है, वहां सुख है। जहां दिन है, वहां रात भी है। संत हमेशा कहते हैं, ऐसी स्थिति में समता भाव धारण करना चाहिए। हमेशा गुण ग्रहण करने का भाव होना चाहिए। दोषों पर दृष्टि ना रखें, ऐसी सरल भावना होनी चाहिए। व्यवहार सत्य होना चाहिए। मरने से पहले एक व्रत करना आवश्यक है, ताकि दुर्गति नहीं होगी। ज्ञान बढ़ने के लिए ज्ञानपच्चीसी व्रत करना आवश्यक है। इसमें भगवान के गुणों की आराधना है। 11 अंग, 14 पूर्व ऐसे पच्चीस गुणों की आराधना कर अनुमोदना करें। अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागरजी महाराज कुलचाराम से बद्रीनाथ अहिंसा संस्कार पदयात्रा चल रही है नागपुर मे कहा कि लोगों को खोने से मत डरो बल्कि इस बात पर चिन्तन करो, कहीं लोगों (भक्तों) को खुश करते करते, तुम खुद को ना खो दो।



एक विचारक- झरने के पानी को दो सौ फीट की ऊंचाई से गिरते हुये देख रहे थे। उसमें उठ रहे झाग को देखकर विचार कर रहे थे कि यदि कोई इसमें गिर जाये तो जिन्दा ना बच पाये। फिर क्या था- एक बुजुर्ग को उस झाग के बीचों बीच कूदते हुये देखा और वह बुजुर्ग डूब गया, और कुछ देर बाद वह बुजुर्ग 100 मीटर आगे निकला- बालों को झटकारते हुये गीत गा रहा था आदमी मुसाफिर है, , आता है जाता है।उस विचारक ने पूछा- ? मैं समझा आप शरीर छोड़कर चले गये। आप कैसे बच गये? बुजुर्ग ने बहुत गहरी बात एक लाइन में कह दी- मैं भंवर के साथ डूबता गया और उसने ही हमको बाहर कर दिया। हमने अपना सर्वस्व भंवर को सौंप दिया। इसलिए बच गया, यदि मैं चैलेंज करता तो बच नही पाता।

सब लोगों की हजारों समस्या है और हम आप ज्ञानी बनकर समाधान करने बैठ जाते हैं।ध्यान रखना! लोगों की समस्याओं का कोई समाधान नहीं है। क्योंकि सबसे बड़ी समस्या एक ही है - जिसका कोई भी समाधान नहीं है। मूल समस्या एक ही है अहंकार- जिसके लिये हम सबसे लड़ भिड़ जाते हैं।यहां हर एक कोई हमारा दुश्मन है- लोग, समाज, आबोहवा, भाग्य और भी बहुत कुछ और हमें इन सबसे जीतना है। कैसे जीत पायेंगे? समस्या में ही समाधान है। समस्या बीज की तरह होती है, जिसके गर्भ में समाधान छुपा होता है। यदि कोई समस्या आये तो जल्दबाजी में समाधान नहीं खोजें, उस समस्या के भीतर उतरते जायें- आप पायेंगे कि समाधान मिल गया। समस्या पानी के भंवर जैसी है, उसमें छलांग लगायें और गहरे उतरते जायें। उस समझदार बुजुर्ग ने भंवर को चैलेंज नहीं किया। अपना सर्वस्व अर्पण, समर्पण कर दिया। आप भी समस्या के स्वभाव को समझ लें और समाधान प्राप्त कर लें। उन्हें अपना समझने से क्या फायदा जिनके मन में ना समर्पण हो, न अपनेपन का भाव हो। अष्टद्रव्य से पूजन- श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन सदर मंदिर में तपाचार्य प्रसन्नसागर के चतुर्विध संघ का बाजे-गाजे के साथ मंगल प्रवेश हुआ। क्षुल्लिकारत्न विस्मिताश्री व विगम्याश्री का सान्निध्य रहा। अष्टद्रव्य से कमेटी ने पूजन किया।

**-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

## मुनिश्री सुधा सागर जी महाराज की देन है त्रिकाल चौबीस तीर्थ : मुनि श्री अरहसागर जी महाराज

**विजय धुर्रा ने कहा- भव्य रूप से मनाया जायेगी त्रिकाल चौबीस की वर्षगांठ**

### सुभाष गंज मन्दिर में हो रही है प्रतिदिन धर्म सभा

**अशोक नगर ( विश्व परिवार )।** आचार्य भगवंत ने भारतीय संस्कृति और सभ्यता को आगे बढ़ाने के लिए बहुत कुछ किया उनके एक से एक साधक शिष्य हैं पूज्य निर्यापक श्रमणमुनि पुंगवश्री सुधासागर जी महाराज है उनकी कठिन साधना को आपने देखा होगा उन्होंने इस नगर को ऐसी चीज जी जो दुनिया भर से भक्त यहां आते हैं ऐसी विशाल सोच थी जो वर्षों पहले इन नगर में त्रिकाल चौबीस की स्थापना कराए ऐसे ही सभी शिष्यों ने उनके मुंह से कुछ भी निकल जायें तो उसे भी होना पड़ता है उक्त आश्य केउद्गार सुभाष गंज में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।



**सप्त गजरथमहोत्सव की वर्ष गांठ पर होगा भव्य आयोजन :** इसके पहले धर्म सभा का संचालन करते हुए मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि 1992मे अशोक नगर ऐतिहासिक त्रिकाल चौबीस पंच कल्याणक एवं सप्तगजरथ महोत्सव की तैंतीस वी वर्षगांठ हम सब मुनि संघ के सान्निध्य में मनाने जा रहे हैं और दो दो संघों का आगमन होने जा रहा हैजिसकीसूचना आपको सीघ आप तक पहुंच जायेगी पंचायत कमेटी के अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद के नेतृत्व में सभी कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और हम भव्यता पूर्वक समारोह को सम्पन्न करेंगे इस दौरान मुनिश्री को कमेटी के कोषाध्यक्ष सुनील अखाई संयोजक उमेश सिघई निर्मल मिर्ची राजेश कासल नीरज पाठ ने शास्त्र भेंट किये।

**संसार का प्रत्येक पाड़ी कर्म के अनुसार दु:ख सुख को प्राप्त करता है :** उन्होंने कहा कि संसार का प्रत्येक पाड़ी कर्म के अनुसार दु:ख सुख को प्राप्त करता रहता है जैसे जैसे हमने कर्मो को हमने वाधा है वैसे ही इ ?न कर्मो से मुक्त हो सकते हैं जो कर्म तुमने बांधे उन्हें सिर्फ तुम्ही छोड़ सकते हो तुम्हारे बांधे हुए कर्म को कोई और नहीं छुड़ा सकता जिन प्रभु की तुम आराधना कर रहे हो वे भी तुम्हारे लिए नहीं बचा सकते कर्म तो हम हंसते हंसते हुए बांधे थे लेकिन जव उनका उदय आता है तो हम रोते बिलखते है लेकिन कोई बचाने वाला नहीं मिलता यदि तुम उसे समता पूर्वक सहन कर लोगे तो कम से कम नये कर्म का बंध नहीं होगा।

**कठोर तपस्या करने की राह दिखाई आचार्य श्री ने :** प्रतिकुलता में अनुकूलता की कला सीख ली तो आप अपने जीवन को अच्छा बनाने की ओर एक कदम चल सकते हैं गुरु देव ने उसे ही अपनाया और हमें राह दिखाई किस तरह से कर्मो की निर्जरा कर सकते हैं इसको आचार्य भगवंत के साथ रहकर अपनी आंखो से देखा है आचार्य श्री अमर कंटक तीर्थ में विराजमान थे उस समय उन्हें हरपीस हो गई हरपीस में बहुत पीड़ा होती थी उसमें हवा और लगें पीड़ा बढ़ जाती थी गुरुदेव बाहर देहलान में विराम करते सभी ने कहा कि हवा से तकलीफ ज्यादा होती है आप अन्दर विराजमान हो तो गुरु देव कहते हैं कि यदि हम अन्दर रहेंगे तो इनको और अधिक सुविधा की चाह हो जायेगी ऐसे कठोर तपस्या किया करते थे आचार्य भगवंत गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज उनके जीवन में ऐसे सैंकड़ों प्रसंग भरे पड़े हैं। **-विजय धुर्रा**

## छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस पर बच्चों ने पढ़े छत्तीसगढ़ी कविता, शिक्षकों ने बताया छत्तीसगढ़ी भाषा का महत्व




**आरंग ( विश्व परिवार )।** गुरुवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में छत्तीसगढ़ राजभाषा दिवस मनाया गया।इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को छत्तीसगढ़ राजभाषा दिवस मनायें जाने तथा छत्तीसगढ़ी भाषा के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। वहीं वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्र पटेल ने बच्चों को छत्तीसगढ़ी संस्कृति व भाषा के महत्व के बारे में बताते हुए छत्तीसगढ़ी गीत गाकर सुनाये।जो बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चों ने भी अपने पाठ्य पुस्तक से छत्तीसगढ़ी पाठों व कविताओं का वाचन किया। साथ ही राज भाषा दिवस को यादगार बनाने बच्चों ने पीपल का पौधे भी रोपित किया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख के के परमाल, वरिष्ठ शिक्षक अशोक चंद्राकर, सूर्यकांत चन्द्राकार, दीनदयाल धीवर, डिलेश्वर साहू, शिक्षिका संगीता पाटले सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों की उपस्थिति रही।

## जब आसक्ती ही अत्यासक्ती में बदल जाती है तो वह दु:ख प्रदान करता है : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज

**इंदौर ( विश्व परिवार )।** अत्यासक्ती में जो चांद सा मुखड़ा, हंस सी चाल, और गजगामनी नजर आती थी, वास्तविकता का पता लगने पर वही प्यार नफरत में बदल जाता है, यदि समय पर सही मार्गदर्शन न मिले तो देह सौन्दर्य में अत्यासक्त व्यक्ति डिपरेशन में आकर आत्महत्या तक कर लेता है। उपरोक्त उद्गार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने नेमीनगर इंदौर में प्रात:कालीन धर्मसभा में व्यक्त किये।

मुनि श्री ने चार बातें आसक्ती, अनासक्ति, अत्यासक्ति, और विरक्ति पर चर्चा करते हुये कहा कि बस्तु, व्यक्ती, धन संपत्ति, अथवा देहआकर्षण के प्रति गाड़ लगाव ही आसक्ती को जन्म देता है, जब आसक्ती ही अत्यासक्ती में बदल जाती है तो वह दु:ख प्रदान करता है तथा अनासक्ति का भाव उत्पन्न कर विरक्ति में बदल देता है। मुनि श्री ने कहा कि सबसे ज्यादा हमारा आकृषण देह के प्रति होता है पहले तो माता बहनें ही व्यूटी पार्लर जाती थी लेकिन आजकल तो पुरुष भी व्यूटी पार्लर जाने लगे है मुनि श्री ने कहा कि अपने शरीर के प्रति जागरूकता रखो लेकिन उसके प्रति इतने आसक्त मत हो जाओ कि देही के पीछे उस विदेही को ही भूल जाओ उन्होंने कहा कि शरीर एक साधन है, विवेकहीन मनुष्य इस शरीर के माध्यम से जंहा संसार को पुष्ट करते है वंही विवेकवान पुरुष इस शरीर के माध्यम से अपनी आत्मा को पुष्ट करते है, जो व्यक्ति संसार, शरीर और भोगों की बास्तविकता को समझता है वह इसमें रमता नहीं, उसे शरीर की क्षणभंगुरता का अहसास होता है, और वह वैराग्य को धारण कर अपने जीवन का उद्धार कर लेता है और जो इसमें उलझा रहता है वह अपने संसार को और बड़ाता है। मुनि श्री ने कहा कि में यह नही कहता कि पैसा मत जोड़ो पैसा के बिना जिंदगी नहीं चलती लेकिन पैसा के प्रति आसक्ती मत रखो।



उन्होंने उदाहरण देते हुये कहा कि कंजूस बाप को मरता देख बेटे ने मंगवा लिया बड़ा सा कफन, जिसे देख वह पिता बोला- क्यों दुगना मंगवा लिया तूने कफन अब एक काम कर आधा मुझे उड़ा देना आधा तेरे काम आ जाऐगा। मुनि श्री ने कहा कि पुरानी पीड़ी में मौटा खाने की आदत होती थी और पैसा को जोड़ने की कला थी वह अनावश्यक खर्च नहीं करते थे, वंही आजकल की नयी पीड़ी में धन की कमी तो है नहीं, खूब कमाते है और सब कुछ खर्च कर देते है भोगासक्ति की इस आदत से पीजा वर्गर फास्ट फूड और तरह तरह की बस्तुऐं ओन लाईन मंगा लेते है, तथा बीमारियों से घिर जाते है, मुनि श्री ने कहा कि उपभोक्तावादी सोच ने आज सभी सम्वंधों को भी समाप्त कर दिया है, व्यक्ति देह आकृषण में उलझ कर रह गया है। सत्य घटना सुनाते हुये कहा कि एक युवक किसी गलत युवती के प्यार में फंस जाता है उसके पिता उसे मेरे पास लेकर आते है में उसे समझाता हूं लेकिन उसे समझ नहीं आता तो मेरे मुख से निकल जाता है कि यह सम्वंध नहीं होगा चिंता मत करो समय का इंतजार करो जिसको जिसके प्रति आकृषण होता है, वह उसकी आसक्ती में पागल हो जाता है, परिजन उसे समझाते है तो वह उसे दुश्मन लगते है, समय रहते उसे जब वास्तविकता का पता लगता है, तो वह अपने आपको लुटा लुटा सा महसूस करता है, ऐसे में सही मार्गदर्शन और वात्सल्य से ही व्यक्ती सम्हलता है, वंही गलत निर्णय आत्महत्या की ओर प्रेरित करते है। इस अवसर पर मुनि श्री निर्वेग सागर महाराज तथा मुनि श्री संधान सागर महाराज सहित संपूर्ण संघ मंच पर विराजमान रहे। उपरोक्त जानकारी देते हुये धर्म प्रभावना समिति के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया दौपहर 1:30 बजे मुनिसंघ गुमास्ता नगर, सुदामा नगर इंद्रलोक आदि कालोनियों के जिनालयों के दर्शन करने जाऐंगे तथा सायंकाल का शंकासमाधान एवं रात्री विश्राम नेमीनगर में ही रहेगा। नेमीनगर के कैलाश लुहाड़िया, इंद्रकुमार सेठी, गिरीश पाटोदी, संदीप गंगवाल, अनामिका मनोज बाकलीवाल सहित गुमास्ता नगर, सुदामा नगर, तथा इंद्रलोक सहित आसपास के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थिति थे। धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष अशोक डोसी, नवीन गोधा महामंत्री हर्ष जैन प्रवक्ता अविनाश जैन मीडिया प्रभारी राहुल जैन ने बताया आगामी2 दिसंम्वर से 7 दिसंम्वर तक वैभवनगर में पंचकल्याणक महामहोत्सव की तैयारियां जोरों पर चल रही है। **-अविनाश जैन**

## सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जैन संवेदना ट्रस्ट का जागरूकता अभियान

**मृत्यु उपरांत क्रियाकांडों के वर्तमान परिवेश में बदलाव की आवश्यकता**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जन्म व मृत्यु शास्वत सत्य है, और इनके बीच की जीवनशैली में समय समय पर बदलाव होते रहना चाहिए। हमारे जीवन में सामाजिक रीतिरिवाजों का महत्वपूर्ण स्थान है। सामाजिक जीवन में मृत्यु उपरांत अनेक रीतिरिवाज प्रचलित हैं। कालान्तर के रिवाजों में अनेक ने वर्तमान समय में कुरीतियों का रूप धारण कर लिया है, जिनमें बदलाव जरूरी है।




जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने कहा कि मृतक के अंतिम संस्कार उपरांत अनेक प्रचलित रीति रिवाज् हैं जो की बोझिल और आज के समय में अप्रासंगिक हैं, जैसे 13 दिन की शोक बैठक, लम्बे शांतिमिलन, सिखबाड़ी व मृत्यु भोज इत्यादि। अनेक शोकाकुल परिवारों, रिश्तेदारों व परिचितों समाजजनों से जैन संवेदना ट्रस्ट ने विस्तृत चर्चा व विचारविमर्श कर गाईड लाईन जारी की है। कोचर व चोपड़ा ने आगे बताया कि शान्ति मिलन हेतु समय सीमा 48 मिनट निर्धारित की गई है। वर्तमान में देखा गया है कि शोक सभा में अनेक प्रचलित गीत, बच्चों की अभिव्यक्ति और श्रद्धांजलि वक्तव्यों व टोपी बदलने के रिवाज में कुल मिलाकर लगभग 2 से 2:30 घंटे का समय लग रहा है। और ज्यादातर शान्ति मिलन के कार्यक्रम प्रात: 10:30 बजे होते हैं जोकि व्यवसाय का महत्वपूर्ण समय होता है। व्यवसायिक व श्रम समय के नुकसान, सर्व समाज की सुविधा व समय की उपयोगिता के मद्देनजर शांतिमिलन शोकसभा को दोपहर 3 से 3:48 बजे तक करने का निर्णय लिया गया है। शांतिमिलन में मृतक का संक्षिप्त जीवन परिचय, लघु शांति स्तोत्र, मंगल पाठ व परिजन द्वारा आभार ही होगा। सभी प्रकार के शोक गीतों, बच्चों की अभिव्यक्ति पर रोक लगाई गई है। टोपी पल्ला बदलना आदि सामाजिक रिवाज श्रद्धांजलि पश्चात पारिवारिक लोगों के मध्य अथवा निवास पर किया जावेगा। पुष्प की पंखुड़ियों के बदले मोटे अनाज यथा अक्षत, बाजरा आदि से श्रद्धांजलि अर्पित की जावेगी, जिसका उपयोग पक्षियों के आहार रूप में किया जा सके। शोक मिलन के अवसर पर परिवार द्वारा सीख मिठाई व अन्य सामग्री का थैला देना प्रतिबंधित किया गया है। केवल घर की बेटियों को दिया जा सकता है। अंतिम संस्कार पश्चात केवल 2-3 दिन ही निवास पर शोक बैठक रखने का निर्णय लिया गया है। सूतक क्रिया विधि परिवार के मध्य उचित समयानुसार की जा सकती है। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि मृत्यु उपरांत होने वाले क्रियाकांडों के सभी पहलुओं पर समाज में अनेक लोगों से विचारविमर्श किया गया लोगों ने जैन संवेदना ट्रस्ट के मुहिम की सराहना की व सकारात्मक अभिव्यक्ति प्रदान की है।

## बाल विवाह के खिलाफ निकाली गई जागरूकता रैली

**बाल विवाह समाज के लिये एक श्राप है, जिसको अतिशीघ्र खत्म करना जरुरी है: एसपी**



**जशपुर ( विश्व परिवार )।** भारत सरकार के नई दिल्ली के विज्ञान भवन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उदघाटन के मौके पर जिला प्रशासन ने जशपुर जिले में बाल विवाह के खिलाफ काम कर रहे गैरसरकारी संगठन समर्पित संस्था के साथ मिलकर जागरूकता रैलियों का आयोजन किया और लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई।

इस मौके पर शासकीय बालक विद्यालय में हुए समारोह में पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने स्कूली बच्चों शिक्षकों, महिलाओं और पंचायत प्रतिनिधियों व अन्य को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। जिले में जगह जगह हुए कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों पंचायत प्रतिनिधियों मितानीन व आंगनवाडी कार्यकर्ताओं शिक्षकों बाल विवाह निषेध अधिकारी, के अलावा बाल विवाह पीडिताओं ने भी भागीदारी की और बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली। बाल विवाह श्राप है समाज के लिये यह कार्यक्रम देश से बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत के आह्वान के समर्थन में किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि बाल विवाह समाज के लिये एक श्राप है, जिसको अतिशीघ्र खत्म करना जरुरी है, इसके लिये हम सबको मिलजुल कर प्रयास करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएमडीसी कर्मी की कार पेड़ से टकराई

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** नगरनार थाना क्षेत्र के ग्राम तिरिया में एक तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई, इस हादसे के बाद कार में आग लग गई, वही कार में सवार एनएमडीसी कर्मचारी ने कूदकर अपनी जान बचाई, घटना की जानकारी लगते ही फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुँचकर आग को बुझाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई, बताया जा रहा है कि कल दोपहर एनएमडीसी में पदस्थ कर्मचारी अपनीकार लेकर तिरिया जंगल की ओर जा रहे थे। अचानक से चालक का नियंत्रण बिगडने से कार पेड़ में जा टकराई। इस हादसे के तत्काल बाद कार में आग लग गई। चालक ने किसी तरह से अपने आप को बाहर निकाला और मौके से भाग निकला। घटना के बाद आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी फायर बिग्रेड को दी। मौके पर पहुँची टीम ने आग को बुझाते हुए काबू पाया। आगजनी के बाद कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थी। फिलहाल कार चालक की तलाश की जा रही है।

### शासकीय कार्य में लापरवाही पर हुई कड़ी कार्यवाही

**सुकमा(विश्व परिवार)।** जिला शिक्षा अधिकारी और सहायक आयुक्त कार्यालय से जारी आदेशानुसार प्रशासनिक दृष्टिकोण से प्रभारी अधीक्षिका कन्या आश्रम कोर्रा, विकासखंड सुकमा श्रीमती रजम्मा साहू को मूल पदस्थ संस्था में शैक्षणिक कार्य करने हेतु भारमुक्त किया गया है। इसी प्रकार प्रभारी अधीक्षक प्री मैट्रिक अनु. जनजाति छात्रावास भेज्जी श्री कारम राजेश, प्रभारी अधीक्षक बालक आश्रम दोरनापाल श्री कुहराम कुन्ना और प्रभारी अधीक्षक बालक आश्रम पेदाकुरती श्री कड़ती गुलाबी को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण आगामी 1-1 वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई है। इसी तरह से प्रभारी अधीक्षक प्री मैट्रिक बालक छात्रावास दुब्बाटोटा श्री विक्रम पुनेन को छात्रावास संचालन कार्य में प्रथम दृष्ट्या गंभीर लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री पुनेन का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सुकमा निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### संकुल स्तरीय जैविक खेती प्रतिस्पर्धाएं हुई गीदम में

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** भारत सरकार के द्वारा संचालित बृहद क्षेत्र प्रमाणीकरण कार्यक्रम अंतर्गत जिले के 110 ग्राम जैविक प्रमाणित होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन के द्वारा ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कान्क्लैव का आयोजन दिनांक 6-7 दिसंबर को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के पूर्व जिले के प्रत्येक क्लस्टर में महिला समूहों के लिए ''परम्परागत, देसी व्यंजन प्रतियोगिता'' एवं ''जैविक खेती प्रतिस्पर्धा का आयोजन किये जाने के क्रम में नाग देवता संकुल संगठन मुचनार में ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कॉन्क्लेव 2024 के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह के लिए परंपरागत देशी व्यंजन प्रतियोगिता एवं जैविक खेती प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 17 स्व सहायता समूह के दीदियों ने देशी व्यंजन प्रतिस्पर्धा में भाग लिया, जिसमे स्थानीय व परम्परागत सामग्रियों से 26 प्रकार के स्वादिष्ट पकवान बनाकर प्रस्तुत किया गया। साथ ही जैविक खेती प्रतिस्पर्धा में 8 स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जीवामृत, हांडी दवा, घनामृत, बीजामृत, गोबर खाद के उत्पाद का प्रदर्शन किया गया। इस क्रम में व्यंजन प्रतियोगिता अंतर्गत साक्षी स्व सहायता समूह करकोटी ने प्रथम स्थान तथा द्वितीय स्थान माता तुलसी स्व सहायता समूह पदमेटा ने हासिल किया। जबकि जैविक खेती प्रतिस्पर्धा अंतर्गत प्रथम स्थान पर मां दंतेश्वरी स्व सहायता समूह मुचनार, द्वितीय स्थान पर वान्या मां दंतेश्वरी स्व सहायता रोजे का रहा। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

### शिविर में डायबेटिक नेफ्रोपैथी के मरीजों का किया गया उपचार

**कांकेर(विश्व परिवार)।** राज्य शासन एवं निदेशालय स्वास्थ्य सेवाएँ छत्तीसगढ़ के दिशा निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सॉंडिया के मार्गदर्शन व विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से बस्तर संभाग में पहली बार डायबेटिक नेफ्रोपैथी के निदान के लिये एक दिवसीय शिविर का आयोजन सिविल अस्पताल पखांजूर में किया गया, जिसमें अधिक संख्या में किडनी के मरीज़ों का उपचार किया गया और ऐसे मरीज़ जिनकी किडनी में क्षति पहुँचने की गुंजाइश ज़्यादा है, उनके लिये एम्स रायपुर में विशेष पखांजूर के मरीज़ों के लिए प्रत्येक गुरुवार को सुबह 09 से 01 बजे तक ओपीडी का इंतज़ाम नेफ्रोलॉजी विभाग में किया गया है।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा केराबहरा के ग्लूकोमा मरीजों का किया जा रहा उपचार

**एमसीबी(विश्व परिवार)।** जिले के विकासखण्ड मनेंद्रगढ़ के ग्राम पंचायत केराबहरा में एक ही परिवार के कई लोग वंशानुगत रूप से आंख की बीमारी ग्लूकोमा से ग्रसित है। उनके पुत्र एवं पुत्री या तीसरे पीढ़ी के लोगों में भी 18 वर्ष की आयु होते ही बीमारी के लक्षण दिखाई देने लगता है। जिसका परीक्षण समय-समय पर विभाग द्वारा किया गया व उच्च संस्थाओं ने ऑपरेशन भी कराया गया है। 1995 से लेकर 2022 तक कई लोगों का ऑपरेशन रायपुर, अंबिकापुर,बिलासपुर, चित्रकूट में हुआ है। अविभाजित कोरिया जिले के डॉ. आर.एस. सेंगर द्वारा 26 अप्रैल 2018 को केराबहरा जाकर 17 लोगों का परीक्षण किया गया। 07 जून 2021 को मेडिकल कॉलेज बिलासपुर के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. मनोज सिंह, डॉ. आर.एस. सेंगर व टीम द्वारा 29 लोगों का परीक्षण करके उपचार योग्य चयनित 06 लोगों का उपचार हेतु



बिलासपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया व संतोष का उपचार गणेश विनायक नेत्र चिकित्सालय रायपुर में 09 जून 2021 को हुआ। 30 अक्टूबर 2024 डॉ. जयन्त एक्का नेत्र विशेषज्ञ केन्द्रीय चिकित्सालय मनेन्द्रगढ़ द्वारा 20 लोगों का परीक्षण किया गया। प्रतिवेदन में 1 मरीज को तत्काल उपचार की आवश्यकता है। आंख का प्रेशर बढ़ा हुआ है व रेटिना डेमेज हो रहा है। शेष अन्य 5 मरीज को नियमित परीक्षण व उपचार की आवश्यकता है। वर्तमान में ग्लूकोमा के लक्षण नहीं है। 04 नवंबर 2024 एवं 19 नवंबर 2024 को भी नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 4 लोगों का चश्मे की जांच की गयी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शीघ्र ही ऑपरेशन हो चुके मरीज व जिनका उपचार जारी है उसको निःशुल्क दवाई उपलब्ध कराया जा रहा एवं उपचार हेतु उच्च संस्थाओं से चर्चा कर समुचित उपचार के लिए कार्ययोजना तैयार किया जा रहा है।

## वनांचल क्षेत्र के कृषक बिना किसी भय के विक्रय कर रहे हैं धान

**मोहला(विश्व परिवार)।** प्रदेश सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त कृषकों के खून और पसीने की मेहनत को नवाजा जा रहा है। प्रदेश सरकार के द्वारा ऐसी व्यवस्था की गई है कि, जहां मैदानी क्षेत्रों में किसानों को धान बेचने की सुविधा दी गई है उसी तरह नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की व्यवस्था किया गया है। इसके चलते वनांचल नक्सल प्रभावित क्षेत्र के किसानों को बिना किसी भय के धान विक्रय करने का मौका मुनासिब हो सका है। छत्तीसगढ़ शासन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की कुशल नेतृत्व एवं सुशासन के चलते नक्सल प्रभावित क्षेत्र के किसानों को अपने सपनों को साकार करने का जरिया साबित हो रहा है। घोर नक्सल प्रभावित औंधी क्षेत्र के धान उपार्जन केंद्र सरखेड़ा में धान विक्रय करने आए ग्राम जामड़ी के किसान थनवार सिंह ने बताया कि किसानों की पैदावार की मेहनत का सम्मान करते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा धान खरीदी की नीति बनाई गई है। उन्होंने बताया कि उन्हें धान विक्रय करने की चिंता नहीं हुई है। वे बेफिक्र होकर धान का विक्रय कर रहे है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल में की जा रही खरीदी से उन्हें बड़ा राहत मिला है। उन्होंने बताया कि उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं किया था कि इतनी अधिक राशि में धान की खरीदी हो सकेगी। उन्होंने कहा कि वह अपने परिवारजनों के साथ बेहद खुश है। उन्होंने कहा कि धान विक्रय से मिली राशि से वे अपने परिवार के अरमानों को पूरा कर सकेगा।

# समता और ममता आधारित समाज का निर्माण करें - रामनाथ कश्यप

**नारायणपुर(विश्व परिवार)।** भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर नारायणपुर के शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विशेष उत्साह के साथ संविधान दिवस मनाया गया। यह ऐतिहासिक अवसर भारतीय लोकतंत्र और सामाजिक समानता के प्रतीक के रूप में संविधान की महत्ता को रेखांकित करता है। महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा इस अवसर पर 25 और 26 नवंबर को दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा। 25 नवंबर को नारालेखन, भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। नारालेखन का विषय भारतीय संविधान था, जबकि वाद-विवाद का विषय भारतीय संविधान- वकीलों का स्वर्ग रखा गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विश्व के विशाल संविधान की 75वीं गरिमा पर अपने विचार व्यक्त किए। 26 नवंबर को मुख्य समारोह का शुभारंभ डॉ. भीमराव अंबेडकर और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने लक्ष्यगीत प्रस्तुत कर सामाजिक चेतना का प्रसार किया। समारोह के मुख्य अतिथि रामनाथ कश्यप ( सदस्य, जनजातीय सलाहकार परिषद) ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करवाया और संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हमारे देश का संविधान न केवल हमारे अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि हमें अपने कर्तव्यों का बोध भी कराता है। इसलिए मेरा आप सभी से निवेदन है कि अपने कर्तव्यों को प्राथमिकता दें और कड़ी मेहनत से आगे बढ़ें। यही हमारे संविधान की असली भावना है। हम सभी का लक्ष्य एक ऐसा समाज खड़ा करना होना चाहिए, जो समता और ममता पर आधारित हो। ऐसा समाज, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिले और हर दिल में दूसरों के लिए प्रेम और सम्मान हो। संविधान ने हमें यह मार्ग दिखाया है, और इसे साकार करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसके पश्चात विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भारतीय संस्कृति के विभिन्न रूपों का प्रदर्शन हुआ।

## म्यूनिसिपल स्कूल का जर्जर खेल मैदान नजर आता है, अवैध पार्किंग नजर नहीं आती

**राजनांदगाँव(विश्व परिवार)।** शहर का म्यूनिसिपल स्कूल के खेल मैदान की जर्जर हालत पर सबका ध्यान दिलाया जा रहा है, लेकिन इस मैदान में बनी अवैध पार्किंग किसी को नजर नहीं आती है। 32 लाख रूपये से खेल मैदान को घासयुक्त बनाया गया था। शहर के उदीयमान खिलाड़ियों के खेल अभ्यास के लिये, लेकिन वर्षों से इसी मैदान में विभिन्न आयोजन भी होते रहे हैं। साथ ही फटाका बाजार भी लगता रहा है, चाहे सर्कस हो, कोई धार्मिक आयोजन, प्रदर्शनी आदि, चूँकि शहर के बीचों-बीच बड़े आयोजन के लिये पर्याप्त जगह म्यूनिसिपल स्कूल मैदान की है। इसलिए आयोजन सहित बड़े कार्यकम होते रहे है। एक विज्ञप्ति के माध्यम से समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव मोतीलाल यादव ने कहा है कि, हद तो जब हो जाती है कि इस मैदान में अवैध सार्वजनिक पार्किंग का निर्माण करा दिया जाता है। जिस पर किसी भी खिलाड़ी या आमजन की नजर नहीं पड़ती है, उस अवैध पार्किंग का निर्माण किन लोगों द्वारा किनके लिये किया गया, समझ से परे है। जबकि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों तथा अध्यापकों, कर्मचारियों के लिये पार्किंग उपलब्ध ही नही है। उक्त अवैध पार्किंग में निजी संस्थानों के कर्मचारियों की गाड़ियों ऐसे संस्थान जिन्होंने अपनी पार्किंग की जगह पर निर्माण कर लिया है। उनके वाहन, फायनेंस करने वालों के वाहन, साथ ही बिगड़े वाहनों का अड्डा बना हुआ, अवैध पार्किंग इनते विशाल मैदान में जहाँ कभी महंत सर्वेश्वर दास हॉकी प्रतियोगिता होती रही है, दर्शकों का विशाल समूह उमड़ता था, उसी मैदान को अवैध पार्किंग बना कर छोटा कर दिया गया है, जिसे हटाना अतिआवश्यक हो गया है। शहर के युवा खिलाड़ियों, खेल प्रेमी जनता, समस्त विद्यार्थियों सहित गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग से अनुरोध है कि उक्त अवैध पार्किंग को शीघ्र हटाकर बाउण्ड्री वाल का निर्माण करें, जिससे मैदान में अवैध वाहन के प्रवेश पर रोक लग सकें।

## डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के समावेशी विकास को गति दे रहा है फ्लिपकार्ट

**रायपुर,** मदरहब, ग्रॉसरी, लार्ज व नॉन-लार्ज और डिलीवरी हब समेत 65 से ज्यादा केंद्रों के माध्यम से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष तौर पर 7 लाख से ज्यादा रोजगार सृजित करते हुए फ्लिपकार्ट ने उत्तर प्रदेश में रोजगार एवं आर्थिक बदलाव को गति दी है। राज्य की सांस्कृतिक विरासत, विकास की राह पर बढ़ता एमएसएमई सेक्टर और उद्यमिता को लेकर यहां के उत्साह का लाभ लेते हुए फ्लिपकार्ट ने कंपनियों को डिजिटल-फर्स्ट इकोनॉमी में आगे बढ़ने में सक्षम बनाया है। जूट कारीगर गिल्ड एसोसिएशन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश की सचिव अंजलि सिंह ने कहा, 'हमारे संस्थान जूट फॉर लाइफने 2019 में फ्लिपकार्ट समर्थ से हाथ मिलाया था और तब से हमारे कारोबार में उल्लेखनीय बदलाव आया है। लगातार रोजगार के अवसर प्रदान करते हुए 5,000 से ज्यादा महिला कारीगरों के साथ हमने ग्रामीण महिलाओं को सशक्त किया है, जिससे उनके सपने पूरे हो रहे हैं।

इस पहल को लेकर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, 'सरकार द्वारा अनुकूल कारोबारी माहौल बनाने और नवाचार को बढ़ावा देने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने से उत्तर प्रदेश उद्यमशीलता के विकास और उद्यमों की सफलता के लिए अपार संभावनाएं प्रदान कर रहा है। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश ई-कॉमर्स को अपनाने और विक्रेताओं के सशक्तीकरण के मामले में अग्रणी राज्यों में से एक बन गया है।

# 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के समर्थन में छत्तीसगढ़ में हजारों लोगों ने जागरूकता कार्यक्रमों में ली शपथ

**रायपुर:** केंद्र सरकार के 'बाल विवाह मुक्त भारत' के आह्वान पर मध्य प्रदेश के बाजारों, स्कूलों, गांवों और कस्बों में हजारों लोग ढोल नगाड़ों के साथ सड़कों पर उतरे और 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' (जेआरसी) एलायंस के जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल होकर इसका समर्थन किया। राज्य के 8 जिलों के 400 गांवों में लोगों ने जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया और बाल विवाह के खिलाफमशाल जुलूस निकाले एवं रैलियां की। एक सामाजिक उद्देश्य के लिए एकजुटता के अभूतपूर्व प्रदर्शन में पुलिस स्टेशनों, अदालतों, पंचायत सदस्यों, धार्मिक नेताओं, स्कूली बच्चों, शिक्षकों, धर्मगुरुओं, हलवाइयों और बाल विवाह पीड़ितों ने इस बुराई को समाप्त करने और कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिलने पर संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना देने की शपथ ली। बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक गैरसरकारी संगठनों का गठबंधन 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' एलायंस बाल विवाह के खात्मे के लिए छत्तीसगढ़ के 41 जिलों में राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन के साथ काम कर रहा है। एलायंस में शामिल संगठनों ने कानूनी हस्तक्षेपों और परिजनों को समझा बुझा कर देश में 2,50,000 से अधिक बाल विवाह रोके हैं। इस दौरान पूरे राज्य में हुए कार्यक्रम प्रतिज्ञाओं से गूंज उठे, मैं बाल विवाह के खिलाफ हरसंभव प्रयास करने की शपथ लेता हूं। मैं यह सुनिश्चित करने की शपथ लेता हूं कि मेरे परिवार, पड़ोस या समुदाय में कोई बाल विवाह नहीं होगा। मैं बाल विवाह के किसी भी प्रयास की रिपोर्ट पंचायत और सरकारी अधिकारियों को करने की प्रतिज्ञा करता हूं।'' राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 (एनएचएफएस 2019-21) के आंकड़ों के अनुसार देश में 18 से 24 आयु वर्ग की 23.3 प्रतिशत लड़कियों का बाल विवाह हो जाता है जबकि छत्तीसगढ़ में यह आंकड़ा 12 प्रतिशत है। बाल विवाह की पीड़ित बच्ची का पूरा जीवन दासता में गुजरता है और उसके लिए स्वतंत्रता के सभी दरवाजे बंद हो जाते हैं। साथ ही, बाल विवाह महिलाओं की श्रम बल में भागीदारी नहीं होने के पीछे सबसे बड़ा कारण है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान की सराहना करते हुए 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' (जेआरसी) एलायंस के संस्थापक भुवन ऋभु ने देश से बाल विवाह के खात्मे के लिए शुरू किए गए इस अभियान को पूर्ण समर्थन देते हुए सरकार के प्रयासों में हरसंभव सहयोग का वादा किया।

# विकास कार्यों को सुचारू रूप से संचालित कर नियत समय में करें पूर्ण : कलेक्टर

**सुकमा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने इस बैठक में विभागीय कार्यों, लंबित प्रकरणों और विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कई अहम निर्देश दिए। जिले में चल रहे विकासात्मक कार्यों को सुचारू रूप से संचालित कर नियत समयावधि में पूर्ण किए जाने कहा। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्यों को समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें, ताकि जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध हो सकें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन, अपर कलेक्टर गजेन्द्र सिंह ठाकुर और जिले में पदस्थ



ए स ड ी ए म , तहसीलदार,सीईओ जनपद पंचायत सहित विभिन्न विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विभागवार लंबित टीएल प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए, ताकि जनता को शीघ्र समाधान मिल सके। जिले के कन्या आश्रम-छात्रावासों में सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण प्राथमिकता से प्रदान करें। बैठक में नियद नेल्लानार योजना की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, राशनकार्ड और किसान सम्मान निधि सहित अन्य विभागीय कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। योजना के तहत 32 ग्रामों में दी जाने वाली सुविधाओं के लिए विभागों को लक्ष्य निर्धारित कर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ देने की प्राथमिकता पर जोर दिया। कलेक्टर ने निर्माण और मरम्मत कार्यों को तय समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माणाधीन भवनों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों पर टोकन, बारदाना एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित अवैध धान खरीदी रोकथाम पर सख्ती बरतने कहा। उन्होंने चेक पोस्ट पर 24 घंटे सतत निगरानी रखे जाने सहित धान खरीदी केंद्रों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। माओवाद उन्मूलन को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर ने शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने मिशन मोड में योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने 9 वीं से 12 वीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता देकर आईडी बनाने के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में राशन उपलब्ध कराने के लिए पीडीएस दुकानों की नियमित मॉनिटरिंग करने और पशु चिकित्सा विभाग को पालतू पशुओं के टीकाकरण अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## व्यापार समाचार

### रॉयल एनफील्ड गोअन क्लासिक 350 सत्तर के दशक की गोवा मोटो-संस्कृति से प्रेरित एक मोटरसाइकिल

**नई दिल्ली:** 70 और 80 के दशक की गोवा की अनोखी मोटो-संस्कृति से प्रेरित, रॉयल एनफील्ड ने गोअन क्लासिक 350 लॉन्च की है। यह बॉबर-स्टाइल मोटरसाइकिल आजादी, मस्ती और खुली सोच वाले लाइफस्टाइल की पहचान है। गोअन क्लासिक 350 सिर्फ एक बाइक नहीं, बल्कि खुद को अपने अंदाज में जताने का जरिया है। यह भारत की खास गोअन मोटो-संस्कृति से जुड़ी है, जिसने 70-80 के दशक में गोवा की आजाद और रंगीन लाइफस्टाइल को जन्म दिया। इसका दमदार फोर-स्ट्रोक इंजन और स्टाइलिश लुक इसे हर सफर के लिए परफेक्ट बनाते हैं। यह बाइक उन लोगों के लिए है जो हमेशा नई राहें खोजने और जिंदगी को अपने अंदाज में जीने की चाहत रखते हैं। हर कर्व और कंटूर के साथ, गोअन क्लासिक गोवा के कस्टम बिल्डर्स की स्ट्रिप्ड-डाउन और 'ट्रिप्ड-अप' क्रिएशन से प्रेरित है, जो बॉबर और गोवा की जिंदादिल लाइफ?टाइल के जोश का संगम है। चॉप्ड फेंडर्स, मिड-एप हैंडलबार्स, एर्गोनॉमिक रूप फिट की गई लो-स्लंग सीटें और रियर सिलहॉटे उन दिनों की याद दिलाती हैं जब राइडर्स अपनी मशीनों को केवल ज़रूरी चीज़ों तक सीमित कर देते थे और उनमें उनका व?यक्ति?व नजर आता था। इंजन का हर रेव गोवा के सुनहरे ग्रूव की भावना के साथ गूंजता है, ठीक वैसे ही जैसे सूरज की किरणों से भीगे दिन आपको हर पल का आनंद लेने के लिए प्रेरित करते हैं।

### ओला इलेक्ट्रिक ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी बढ़ाने के लिए गिगऔर एस1 जेड स्कूटर पेश किए

**बेंगलुरुः** भारत की सबसे बड़ी प्योर-प्ले इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने अपने गिग और एस1 जेड स्कूटर लॉन्च किएहैं। ये स्कूटर आम लोगों को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रदान करने के लिए पेश किए गए हैं। इन नए स्कूटर्स में ओला गिग, ओला गिग+, ओला एस1 जेड औरओला एस1 जेड+ स्कूटर शामिल हैं, जिनके मूल्य क्रमशः 39,999 (एक्स-शोरूम), 49,999 (एक्स-शोरूम), 59,999 (एक्स-शोरूम) और64,999 (एक्स-शोरूम) से शुरू होते हैं। गिग और एस1 जेड सीरीज़ की बुकिंग आज से सिर्फ़ 499 में शुरू हो गई है। ये स्कूटर टिकाऊ, भरोसेमंद,किफ़ायती और फ्लेक्सिबल समाधान प्रदान करते हैं। इनमें रिमूवेबल बैटरी दी गई है, जो ग्रामीण, अर्ध-शहरी और शहरी क्षेत्रों के ग्राहकों की व्यक्तिगत औरकमर्शियल जरूरतें पूरी करेगी। ये नए स्कूटर और ओला का मौजूदा पोर्टफोलियो ओला इलेक्ट्रिक को विभिन्नश्रेणियों में किफायती पेशकशों द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों का विस्तार करने का लक्ष्य प्राप्त करने में मदद करेंगे। ये स्कूटर विभिन्न ग्राहकों को जरूरतों को पूरा करते हैं, जिससे सभी को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रदान करने में मदद मिलेगी। ओला गिग और ओला एस1 जेड सीरीज की डिलीवरी क्रमशः अप्रैल 2025 और मई 2025 से शुरू होगी। इस अवसर पर ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, भाविशअग्रवाल ने कहा, ओला में हम इलेक्ट्रिक वाहन देश के हर कोने तक पहुँचाने के लिए समर्पित हैं।

### रियलमी ने 56,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में भारत का पहलास्नैपड्रैगन 8 एलीट फ्लैगशिप, रियलमी जीटी 7 प्रो लॉन्च

**नई दिल्लीः** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांडरियलमी ने आज लंबे इंतजार के बाद भारत के पहले स्नैपड्रैगन 8 एलीटफ्लैगशिप चिपसेट के साथ रियलमी जीटी 7 प्रो लॉन्च किया। जीटी की हर सीरीज़ का डिज़ाइन बॉर्न टू एक्सीड की अवधारणा पर आधारित है। यह बेजोड़ परफॉरमेंस और सामर्थ्य की सीमाओं को बढ़ाने के लिए डिज़ाइनकिया गया है। रियलमी जीटी 7 प्रो कई अत्याधुनिक विशेषताओं के साथ परफॉरमेंस के नए मानक स्थापित करने वाली एक असाधारण डिवाइस है। यहभारत की पहली डिवाइस है, जिसमें स्नैपड्रैगन 8 एलीट फ्लैगशिप चिपसेट लगा है और इसका एंटूटू स्कोर 3 मिलियन है। रियलमी जीटी 7 प्रो में सोनी IMX882 पेरिस्कोप कैमरा लगा है, जो फोटोग्राफी का अतुलनीय अनुभव प्रदान करता है। इसमें उद्योग का पहला AI अंडरवाटर फोटोग्राफी मोड दिया गया है, जिसकी मदद से पानी के अंदर भी बेहतरीन इमेज प्राप्त होती हैं। इसमें सैमसंग डिस्प्ले के साथ मिलकर विकसित किया गया रियलवर्ल्ड इकोद्दडिस्प्ले दिया गया है, जो अद्वितीय विज़ुअल अनुभव प्रदान करता है। उद्योग में सर्वश्रेष्ठ परफॉरमेंस और अत्याधुनिक फीचर्स के साथ इस स्मार्टफोन में डॉल्बीविजन दिया गया है।

### निवेशकों के बढ़ते भरोसे के आधार पर मूडीज ने वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) की रेटिंग में सुधार किया

अमेरिका स्थित क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) की कॉरपोरेट फैमिली रेटिंग को बी3 से बढ़ाकर बी2 और कंपनी के सीनियर अनसिक्योर्ड बॉन्ड की रेटिंग को सीएए1 से बढ़ाकर बी3 कर दिया है। ऐसा करते हुए मूडीज ने दोनों रेटिंग पर सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखा है और अपग्रेड के कारणों में से एक के रूप में निवेशकों के बढ़ते भरोसे का हवाला दिया है। अक्टूबर में किए गए अपग्रेड के बाद एक महीने के भीतर मूडीज द्वारा वीआरएल के लिए यह दूसरा अपग्रेड है। मूडीज की वाइस प्रेसिडेंट और सीनियर क्रेडिट ऑफिसर निधि ध्रुव ने कहा, रेटिंग अपग्रेड वीआरएल के देनदारियों संबंधी सफल प्रबंधन के बाद हुआ है, जिसमें कंपनी ने सितंबर 2024 के बाद से अपने दूसरे बॉन्ड जारी करने में 800 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। उन्होंने कहा, बॉन्ड जारी करने से वेदांता की पूंजी बाजारों तक पहुंच मजबूत हुई है और साथ ही कंपनी में निवेशकों का भरोसा बढ़ रहा है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ने वीआरएल के बड़े पैमाने पर और विविधतापूर्ण कम लागत वाले संचालन पर भी ध्यान दिया है। जस्ता, एल्युमीनियम, लौह अयस्क, तेल और गैस, इस्पात और बिजली जैसी विभिन्न प्रकार की वस्तुओं में निवेश; प्रमुख बाजारों में मजबूत स्थिति, इसे मूल्य निर्धारण प्रीमियम प्राप्त करने में सक्षम बनाती है।

# दबंग दिल्ली केसी ने पटना पाइरेट्स के मुंह से जीत खींची

**मुकाबला 39-39 से टाई कराया**



**नोएडा( एजेंसी )।** दबंग दिल्ली केसी ने पटना पाइरेट्स के मुंह से जीत खींचते हुए नोएडा इंडोर स्टेडियम में मंगलवार को रिवेंज वीक के तहत खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 78वें मैच को 39-39 से टाई करा लिया। यह इस सीजन का कुल सातवां, दिल्ली का तीसरा और पटना का पहला टाई है। 30वें मिनट तक पटना 33-25 से आगे चल रहे थे लेकिन फिर दिल्ली ने आशीष के सुपर रेड की बदौलत वापसी की राह पकड़ी और पटना को आलआउट करते हुए लीड भी ले ली लेकिन फिर पटना ने संयम बनाए रखते हुए मैच टाई करा लिया। पटना के लिए देवांक ने 15 अंक बनाए जबकि दीपक और अंकित ने क्रमशः 7 और 5 अंक लिए। दिल्ली के लिए आशू ने एक बार फिर सुपर-10 लगाया जबकि सुपर रेड के साथ आशीष ने सात अंक बटोरे। नवीन ने भी 6 अंक का योगदान दिया। इस मैच के बाद दोनों टीमें क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर ही बनी हुई हैं। दोनों टीमों ने शानदार शुरुआत की। पांच मिनट बाद पटना 6-5 से आगे थे। इसमें देवांक के चार और सुपर रेड के साथ आशू के तीन अंक शामिल है। इस बीच आशीष ने पहली रेड पर आए और अयान को लपक स्कोर 6-6 कर दिया। इस बीच अंकित ने डू ओर डाई रेड पर आशू का शिकार कर पटना को आगे कर दिया। आशीष ने हालांकि देवांक को एंकल होल्ड कर मामला बराबर कर दिया। इसके बाद पांच के डिफेंस में नवीन डू ओर डाई रेड पर आए लेकिन लपक लिए गए। 10 मिनट बाद पटना 8-7 से आगे थे। ब्रेक के बाद पटना दो अंक से आगे थे और दिल्ली के लिए सुपर टैकल आन था, जिसका वे फायदा नहीं ले सके और आलआउट होकर 8-14 से पीछे हो गए। आलइन के बाद पटना ने 1 के मुकाबले देवांक के मल्टी प्वाइंट रेड की बदौलत छह अंक लेकर फासला बढ़ा दिया। पटना ने इस तरह 20-9 स्कोर के साथ पाला बदला। देवांक अपना सुपर-10 पूरा कर चुके थे। दिल्ली के लिए सुपर टैकल आन था लेकिन वे इसका फायदा नहीं ले सके और दूसरी बार आलआउट हुए। अब पटना 24-11 से आगे थे। इसके बाद हालांकि आशू की बदौलत दिल्ली ने 1 के मुकाबले 4 अंक लेकर वापसी की राह पकड़ी। दिल्ली के डिफेंस ने फिर देवांक को लपक इस पर मुहर लगाई। अब पटना आलआउट की कगार पर थे, जिसे अंजाम देकर दिल्ली ने स्कोर 21-28 कर दिया। इस बीच अंकित ने आशू को लपक हाई-5 पूरा किया।

## इंडियन ऑयल ने मथुरा के ऐतिहासिक जल निकायों के जीर्णोद्धार के लिए ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**मुंबई :** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, इंडियन ऑयल ने उत्तर प्रदेश के मथुरा में पांच ऐतिहासिक जल निकायों के पारिस्थितिकी कायाकल्प के लिए श्री चैतन्य हैल्थ् एण्डु केयर ट्रस्टह (स्ट।।ष्ट्ञ) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह पहल इंडियन ऑयल की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह इंडियन ऑयल के विपणन मुख्यालय, मुंबई में श्री वी. सतीश कुमार, निदेशक (विपणन), इंडियन ऑयल और श्री गौरांग दास, इस्कॉन के शासी निकाय के सदस्य की उपस्थिति में आयोजित किया गया। यह पहल बरसाना, नंदगांव और वृंदावन में स्थित पांच



प्रतिष्ठित जल निकायों - प्रेम सरोवर, विभाल कुंड, पवन सरोवर, जल विहार कुंड और कृष्ण कुंड का पारिस्थितिकी कायाकल्प सुनिश्चित करेगी। इन जल निकायों का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व बहुत अधिक है, लेकिन प्रदूषण और कुप्रबंधन के कारण इनका क्षरण हुआ है। इस अवसर पर बोलते हुए, निदेशक (विपणन) श्री वी. सतीश कुमार ने कहा कि जल निकाय मानव जाति और पशु जगत दोनों के अस्तित्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि उनकी पर्याप्त देखभाल नहीं की गई है और उन्हें पुनर्जीवित करने के लिए इंडियनऑयल के अवसर पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से, कंपनी का उद्देश्य जैव विविधता संवर्धन में योगदान करते हुए देश की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना है। प्रसिद्ध पर्यावरणविद्, विपुल लेखक और प्रेरक वक्ता श्री गौरांग दास ने इंडियनऑयल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, 卐हमारी सांस्कृतिक विरासत का समर्थन करने और इन जल निकायों को पुनर्जीवित करने के महत्वपूर्ण कार्य को करने के लिए इंडियनऑयल का आभारी हूं।

## पाकिस्तान के अहमद दानियाल और शाहनवाज दहानी जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर


**नई दिल्ली( एजेंसी )।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को कहा कि तेज गेंदबाज अहमद दानियाल और शाहनवाज दहानी जिम्बाब्वे के खिलाफ मौजूदा वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं और वे स्वदेश लौट जाएंगे। दोनों की जगह तेज गेंदबाज अब्बास अफरीदी और ऑलराउंडर जहानदाद खान को शामिल किया गया है, जो गुरुवार को होने वाले सीरीज के निर्णायक मैच में चयन के लिए उपलब्ध होने के लिए बुलावायो पहुंचेंगे। ये दोनों टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम का हिस्सा हैं, जो 1, 3 और 5 दिसंबर को बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेली जाएगी। दोनों वनडे मैचों में खेलने के



बाद, अनकैप्ड दानियाल की जगह आमिर जमाल को अगली टी20 सीरीज में शामिल किया जाएगा। जिम्बाब्वे ने बारिश से प्रभावित पहले वनडे में डीएलएस पद्धति से 80 रन से जीत दर्ज की थी, इसके बाद पाकिस्तान ने दूसरे वनडे में दस विकेट से जीत दर्ज की थी, जिसमें सलामी बल्लेबाज सईम अयूब ने शानदार शतक लगाया और मेहमान टीम को 18.2 ओवर में 146 रन का लक्ष्य हासिल करने में मदद की। पीसीबी ने कहा कि दानियाल को हैमस्ट्रिंग की चोट लगी है, जबकि दहानी, जिन्होंने पाकिस्तान के लिए अब तक दो वनडे और 11 टी20 मैच खेले हैं, को रविवार के प्रशिक्षण सत्र के दौरान बाएं टखने में चोट लगी।

# चैंपियंस लीग: लेवांडोव्स्की का 100वां गोल बार्सा ने ब्रेस्ट को आसानी से हराया

**बार्सिलोना( एजेंसी )।** एफसी बार्सिलोना के स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने यूईएफए चैंपियंस लीग में अपना 100वां गोल किया, क्योंकि उन्होंने ब्रेस्ट पर अपनी टीम की 3-0 की जीत में स्कोरिंग की शुरुआत की। ब्रेस्ट के गोलकीपर मार्को बिज़ोट की गलती के बाद लेवांडोव्स्की ने 10वें मिनट में पेनल्टी के साथ बार्सिलोना को आगे कर दिया, जिन्होंने स्ट्राइकर की पीठ पर हमला किया और उसे गिरा दिया। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह लेवांडोव्स्की का चैंपियंस लीग में छठा गोल था, साथ ही यह उनका 100वां गोल भी था। स्टैंड से लैमिन यामल की मौजूदगी में, बार्सिलोना ने पहले हाफ पर नियंत्रण बनाए रखा, जिसमें



फ़र्मिन लोपेज़ ने एक और मौके पर गोल करने से पहले राफिन्हा की सहायता के बाद गोल करने का मौका गंवा दिया। इसके बाद राफिन्हा की बारी आई, क्योंकि गेंद लंबे बिल्डअप के बाद उनके पास पहुंची लेकिन उनके शॉट को डिफलेक्ट कर दिया गया जिससे बार्सा को कॉर्नर मिला। बार्सा पूरी तरह से नियंत्रण में था, गेंद लगभग लगातार ब्रेस्ट के हाफ में थी, जिससे बिज़ोट ने मार्क कैसाडो क्रॉस से लोपेज़ के शक्तिशाली हेडर को विफल करने के लिए एक बेहतरीन बचाव के साथ अपनी पिछली गलती को सुधारने का मौका दिया। दूसरे हाफ में स्क्रिप्ट में थोड़ा बदलाव हुआ, राफिन्हा और डैनी ओल्मो ने शॉट को ब्लॉक किया, इससे पहले बिज़ोट ने फिर से लोपेज़ को निराश किया, जिन्हें लेवांडोव्स्की की चतुर बैक-हील ने शूट करने के लिए जगह दी। डैनी ओल्मो ने आखिरकार 66वें मिनट में बार्सिलोना को दो गोल की बढ़त दिलाई, जब उन्होंने लेफ्ट बैक जेरार्ड मार्टिन से पास लिया, ब्रेंडन चार्डोनेट को हराया और एक शॉट के साथ गोल किया जो निकट पोस्ट में गया। मैथियस परेरा लेज ने घड़ी पर 15 मिनट शेष रहते हुए आगंतुक के लिए गेंद को नेट में डाला, लेकिन इसे स्पष्ट ऑफसाइड के लिए खारिज कर दिया गया।

## मुंबई उपनगर में रेल यात्रियों को बड़ी राहत, 13 नई एसी लोकल ट्रेन सेवाएं शुरू

**मुंबई,(एजेंसी)।** मुंबई उपनगर क्षेत्र में सफर करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। पश्चिम रेलवे ने 27 नवंबर 2024 से मुंबई उपनगरीय खंड पर 13 नई एसी लोकल ट्रेन सेवाओं की शुरुआत करने का निर्णय लिया है। इन नई सेवाओं के साथ ही एसी लोकल ट्रेनों की कुल संख्या 96 से बढ़कर 109 हो जाएगी। वहीं, शनिवार और रविवार को भी एसी लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़कर 52 से 65 हो जाएगी।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यात्रियों के बीच एसी लोकल ट्रेनों की बढ़ती लोकप्रियता और मांग को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन बैराज संभाग, डोंगरगॉंव जिला - राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**निविदा निरस्तीकरण की सूचना**

ज्ञापन क./वलेलि/2024-25/1631 दिनांक 27/11/24

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 11/वलेलि/2023-24 दिनांक 24.01.2024 (सिस्टम नंबर 151912) मोहला-मानपुर-चौकी जिले के विकासखण्ड मोहला की बोगाटोला जलाशय का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

जी-07336/2

कार्यपालन अभियन्ता
जल संसाधन बैराज संभाग
डोगरगांव

जी- 242504153/2

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारतीय सड़कों पर एक लाखवां अर्बन क्रूजर हाइराइडर होनेका जश्न मनाया

**बैंगलोर:** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने घोषणा की कि भारत में अर्बन क्रूजर हाइराइडर की 1,00,000 गाड़ियों की बिक्री की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर ली गई है। यह उपलब्धि बाजार में बी-एसयूवी की मजबूत स्वीकार्यता और भारतीय ग्राहकों में हाइब्रिड तकनीक को अपनाने के बढ़ते रुख को रेखांकित करती है। जुलाई 2022 में लॉन्च की गई अर्बन क्रूजर हाइराइडर में टोयोटा की विश्वस्तरीय हाइब्रिड तकनीक को बेहतरीन डिजाइन, प्रीमियम आराम और बेहतरीन प्रदर्शन के साथ जोड़ा गया है। यह तीन पावरट्रेन में उपलब्ध है- सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक [एसएचईवी], नियो ड्राइव और सीएनजी पावरट्रेन। अर्बन क्रूजर हाइडर के केंद्र में इसका 1.5-लीटर का इंजन है जिसमें टीएचएस (टोयोटा हाइब्रिड सिस्टम) और ई-ड्राइव ट्रांसमिशन है, जो 85 केडब्ल्यू का संयुक्त पावर आउटपुट देता है। हाइराइडर की हाइब्रिड सिस्टम बाहरी चार्जिंग की आवश्यकता को समाप्त करती है, जिससे ग्राहकों के लिए हर समय सुविधा सुनिश्चित होती है। इसका अत्याधुनिक हाइब्रिड सिस्टम एक सहज और शांत ड्राइव प्रदान करता है, जो इंस्टैंट पावर डिलीवरी से युक्त है। यह, इसके उत्तरदायी प्रदर्शन और शांत संचालन के साथ मिलकर पर्यावरण के प्रति जागरूक लेकिन गतिशील ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है। इसके अलावा, बहुमुखी प्रतिभा और शक्ति चाहने वाले ग्राहकों ने नियो ड्राइव पावरट्रेन को भी अपनाया है, जो एक वैकल्पिक ऑल-व्हील ड्राइव (एडब्ल्यूडी) सिस्टम के साथ आता है - शहरी आवागमन और चुनौतीपूर्ण इलाकों दोनों के लिए बेहतर ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है । अर्बन क्रूजर हाइराडर को बेहतरीन मूल्य प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो बेहतरीन ईंधन दक्षता के साथ उन्नत सुविधा और प्रदर्शन सुविधाओं का सहज मेल है। टिकाऊ गतिशीलता के लिए टीकेएम की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, एसयूवी वर्ग-अग्रणी माइलेज प्रदान करता है। सेल्फ चार्जिंग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों में यह 27.97 किमी/लीटर* तक , नियोड्राइव (एमटी) में 21.12 किमी/लीटर* और सीएनजी मोड में 26.6 किमी/किलोग्राम* तक है।

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) रायपुर, छत्तीसगढ़**

दूरभाष नंबर :- 07712445785

**त्रिस्तरीय पंचायत के पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य के मतपत्रों के मुद्रण कार्य के लिए निविदा - (द्वितीय)**

क्रमांक/739 / स्था. निर्वा/ लेखा/2024 रायपुर, दिनांक 27.11.2024

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला रायपुर अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायत के आगामी आम चुनाव 2024-25 के लिए मतपत्र के मुद्रण किये जाने हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा फार्म 100.00 रुपये जमा कर इस कार्यालय से निविदा प्रकाशन तिथि से दिनांक 17.12.2024 को अपरान्ह 02.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में पूर्ण रुप से भरी निविदा इस कार्यालय में दिनांक 17.12.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक ही प्राप्त की जाएगी और उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।
2. मुद्रण के लिए कागज इस कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए जायेंगे।
3. निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी इस कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
( (स्थानीय निर्वाचन) रायपुर (छ.ग.)

जी- 242504127/2

## छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक आज

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक 29 नवंबर 2024 को आयोजित की गई है। बैठक का आयोजन नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में दोपहर 2 बजे से किया गया है। राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में सड़क सुरक्षा परिदृश्य के संबंध में विस्तार से समीक्षा होगी। इनमें समग्र सड़क सुरक्षा परिदृश्य, गत बैठक के विभागवार निर्णय, अनुपालन तथा क्रियान्वयन और सड़क दुर्घटनाओं के कारण, नियंत्रण के उपाय, सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आदि विषयों पर भी चर्चा होगी।

# संगवारी बाईक एंबुलेंस : वनांचलों में स्वास्थ्य सुविधा का नया दौर

### बैगा, बिरहोर विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए बनी वरदान, पहुंचविहीन इलाकों में सरपट पहुंच रही बाईक एम्बुलेंस

### अब तक चार हजार से ज्यादा लोगों को मिला फायदा





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** बिलासपुर जिले के कोटा के सुदूर वनांचलों में बसे गांवों में वो दिन लद गए जब अस्पताल तक न पहुँच पाने की वजह से किसी को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया न हो पाए। अब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को त्वरित स्वास्थ्य सेवा मिल पा रही है। सुदूर एवं पहुंचविहीन गांवों में जहां एंबुलेंस तक का पहुंच पाना संभव नहीं है वहां के जंगल से लगे गांवों की सड़कों पर अब बाईक एंबुलेंस सरपट दौड़ रही है। वनांचल के गांवों में रहने वाले बैगा, बिरहोर आदिवासियों के लिए बाईक एंबुलेंस वरदान साबित हो रही है। चार बाईक एम्बुलेंस के जरिए 4089 मरीजों को अब तक अस्पताल ले जाया गया है।

मौसम कोई भी हो चाहे गर्मी, बरसात या सर्दी सभी मौसम में बाईक एम्बुलेंस की सुविधा चौबीसों घंटे आदिवासियों को मिल रही है। कोटा ब्लॉक के एक बड़े हिस्से में विषम भौगोलिक परिस्थिति के चलते सड़क मार्ग से पहुच पाना संभव नहीं होता है। ग्रामीणों को आपातकाल स्थिति में घर से अस्पताल आने-जाने के लिए बाईक एम्बुलेंस नि:शुल्क परिवहन का एक अच्छा माध्यम बन गया है। संगवारी एक्सप्रेस बाईक में बनाई गई एक मिनी एम्बुलेंस की तरह है, जिसमें एक मरीज को बिना असुविधा के अस्पताल तक पहुचाँया जा सकता है। यह बिल्कुल नि:शुल्क सुविधा है। कोटा ब्लॉक के सुदूर वनांचलों में रहने वाली गर्भवती महिलाओं सहित अन्य लोगों के लिए बाईक एम्बुलेंस संजीवनी साबित हो रही है।

विकासखंड कोटा में बाईक एम्बुलेंस की सुविधा मार्च महीने से शुरू होने से अब तक 4089 मरीजों को इसका सीधा लाभ मिला है। इसमें सभी वर्ग के मरीज शामिल है। शिवतराई पीएचसी में 1108 कुरदर में 850, केंदा 1310, आमागोहन 821 मरीजों को बाईक एम्बुलेंस की सुविधा मिली है।

बाईक एम्बुलेंस गर्भवती महिलाओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, बच्चों के टीकाकरण एवं मौसमी बीमारियों के उपचार के लिए भी उपयोग में लाया जा रहा है। बाईक एंबुलेंस के जरिये वनांचल क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए केन्द्र तक लाया जाता है और शिशुवती माताओं को प्रसव के बाद सुरक्षित घर भी पहुचाँया जाता है। ग्रामीण इस सुविधा के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहते है की जहां वे पहले इलाज के लिए कई मीलों दूर पैदल चल कर अनेक कठिनाईयों का सामना कर अस्पताल पहुंचते थे, वहीं आज बाईक एंबुलेंस की सुविधा मिलने से अब कठिनाईयां उनके आड़े नहीं आ पाती है और मरीजों को बिना देरी के तुरंत अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। मंजगवा की श्रीमती मनीषा को बाईक एम्बुलेंस के जरिए प्रसव के लिए केंदा अस्पताल लाया गया था, वे कहती हैं कि इस सुविधा के चलते ही मैं और मेरा बच्चा भी पूरी तरह स्वस्थ है। छतौना की 35 वर्षीय श्रीमती मंदाकनी को भी बाईक एम्बुलेंस के जरिए केंदा अस्पताल लाया गया था, उन्होंने इस सुविधा के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए कहा की यह सुविधा आदिवासियों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है।

# नागपुर रेल मंडल में कार्यरत वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह द्वारा अवधारित एवं डिज़ाइन किए गए 'संरक्षा' एप पूरे भारत में लॉन्च




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय रेलवे ने आज रेल संरक्षा की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए पूरे देश में संरक्षा मोबाइल एप्लिकेशन का शुभारंभ किया। यह एप्लिकेशन भारतीय रेलवे के अग्रिम संरक्षा श्रेणी के कर्मचारियों की क्षमता निर्माण के माध्यम से रेलवे संरक्षा को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखता है।

रेलवे बोर्ड के सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास) श्री रविंदर गोयल ने आज संरक्षा मोबाइल एप्लिकेशन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभी मंडल रेल प्रबंधक, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक और भारतीय रेलवे के विभिन्न रेल मंडलों के अधिकारी उपस्थित रहे।

यह एप्लिकेशन भारतीय रेलवे के 2013 बैच के आईआरटीएस अधिकारी श्री दिलीप सिंह द्वारा डिजाइन किया गया है, जो वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं।

इस अवसर पर नागपुर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती नमिता त्रिपाठी ने नागपुर मंडल में पायलट प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन के बारे में चर्चा की और यह बताया कि यह एप्लिकेशन मंडल में संरक्षा बढ़ाने में किस प्रकार उपयोगी साबित हुआ है। अब रेलवे बोर्ड ने इसे सभी जोनल रेलवे में लागू करने का निर्णय लिया है, जिसमें 16 मंडलों को प्रारंभिक चरण में चुना गया है।

यह एप्लिकेशन भारतीय रेलवे के डोमेन ज्ञान को सूचना प्रौद्योगिकी, डेटा एनालिटिक्स और भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संभावित उपयोग के साथ एकीकृत करता है। यह एक बुद्धिमान, प्रभावी और स्केलेबल प्रणाली प्रदान करता है, जो रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है। इसमें स्मार्ट लर्निंग और फीडबैक मैकेनिज्म जैसी विशेषताएं हैं, जो वास्तविक समय में बहु-स्तरीय फीडबैक और निगरानी को संभव बनाती हैं।

# श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में संविधान दिवस मनाया गया

### कार्यक्रम में शपथ ग्रहण समारोह के साथ भारतीय संविधान के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाई गई




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में संविधान दिवस समारोह की शुरुआत शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुई, जहां कुलपति प्रोफेसर एस.के. सिंह ने गणमान्य व्यक्तियों और छात्रों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़ने के लिए प्रेरित किया। यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया और आधुनिक भारत को आकार देने और स्वतंत्रता के बाद एक लोकतांत्रिक और विनियमित राष्ट्र सुनिश्चित करने में डॉ. भीम राव अंबेडकर द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

विशेष अतिथि एडवोकेट फहीम खान डिप्टी डिफेंस काउंसिल डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी ने भारतीय संविधान के प्रारूपण में शामिल समिति के सदस्यों और अध्यक्षों की भूमिकाओं पर व्यावहारिक विचार साझा किए। उन्होंने कानून और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में हाल ही में किए गए तीन संशोधनों पर भी प्रकाश डाला, जिसमें न्याय और मौलिक अधिकारों के महत्व पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि माननीय सेवानिवृत्त जिला सत्र न्यायाधीश अशोक शर्मा ने भारतीय संविधान के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में बात की, तथा बताया कि राष्ट्रपति, भारत सरकार, राज्य सरकारें तथा अन्य शासी निकाय इसके ढांचे के भीतर कैसे कार्य करते हैं। कार्यक्रम का समापन विधि विभाग के विभागाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का कुशल समन्वय विधि विभाग की सहायक प्रोफेसर सुश्री रूपल अग्रवाल द्वारा किया गया।

# बेकाबू पिकअप ने तीन लोगों को रौंदा

**महासमुंद-रायपुर ( आरएनएस )।** जिले में एक बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। दरअसल, यहां एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसा इतना दर्दनाक था कि मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद अफ्रातफ्री का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, हादसा बसना पुलिस थाना क्षेत्र की है। जहां छुईपाली टोल नाका के पास एक पिकअप वाहन ओवर टेक करने के चक्कर में बाइक सवार को रौंद दिया। जिससे बाइक सवार तीन युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। आपको बता दें कि इससे पहले बुधवार को भी महासमुंद जिले में एक भीषण हादसा हुआ था। यहां पटेवा थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे 2 लोगों की मौत हो गई। जबकि 4 लोग घायल हो गए।

# सौर जल सुविधा का उपहार : रामपुरम गांव में एएम/एनएस की पहल से 30 परिवारों को जीवनदायिनी राहत

### एएम/एनएस का योगदान : रामपुरम में सोलर जल सुविधा का अनोखा प्रयास, 30 परिवारों को मिलेगा स्वच्छ पेयजल






**सुकमा ( विश्व परिवार )।** एएम/एनएस इंडिया कंपनी के द्वारा अपनी कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी (CSR) पहल के अंतर्गत, प्रोजेक्ट तृप्ति के तहत सुकमा जिले के रामपुरम गाँव में सोलर-आधारित पेयजल सुविधा का उद्घाटन किया गया। इस परियोजना के माध्यम से गाँव के लगभग 200 निवासियों को निर्बाध और स्वच्छ जल उपलब्ध हो पायेगा, जो पहले एकमात्र हैंडपंप पर निर्भर थे।

यह पहल समुदाय को स्वच्छ, निर्बाध और पर्यावरण-अनुकूल पेयजल उपलब्ध कराने के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण के वैश्विक प्रयासों के प्रति एक महत्वपूर्ण योगदान है।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्री वाई. राघवलु, जनरल मैनेजर, एएम/एनएस इंडिया, बीपी और एसपी किरंदुल, द्वारा इस सुविधा का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह सोलर-आधारित पेयजल सुविधा हमारी स्थिरता और अपने लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। सोलर ऊर्जा का उपयोग करके, हम न केवल पानी की कमी को दूर कर रहे हैं, बल्कि एक ग्रीन फ्यूचर की ओर भी कदम बढ़ा रहे हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में एएम/एनएस इंडिया सुकमा संयंत्र की CSR और प्रशासनिक टीम, गांव के सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि सहित समुदाय के सदस्य और ग्रामीणों ने की उपस्थिति रही।

एएम/एनएस इंडिया के प्रोजेक्ट तृप्ति के अंतर्गत, यह प्रयास ग्रामीण समुदायों के जीवन में सुधार और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ता है।यह पहल ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की कमी और जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर चुनौतियों का समाधान करने और नवीकरणीय ऊर्जा समाधान को बढ़ावा देने की दिशा में एक सशक्त और महत्वपूर्ण उदाहरण है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा द्वाराभारतीय किसानों के सशक्तीकरण और उन्हें तकनीक-सक्षम बैंकिंग की ओर उन्मुख करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में 'बड़ौदा किसान पखवाड़ा' के 7वें संस्करण का आयोजन

- डिजिटल बड़ौदा किसान क्रेडिट कार्ड और डिजिटल गोल्ड लोन की शुरुआत
- बैंक ने बेमेतरा में मेगा किसान मेला और राज्य भर में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए; दो सप्ताह के कृषि महोत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ में 15000 से अधिक किसानों से किया संपर्क




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक बैंक ऑफ़ बड़ौदा के रायपुरअंचल ने बेमेतरा, छत्तीसगढ़ में 'बड़ौदा किसान पखवाड़ा' के 7वें संस्करण के एक भाग के रूप में एक मेगा किसान मेले का आयोजन किया। बड़ौदा किसान पखवाड़ा, बैंक का प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम है और जिसका उद्देश्यदेश भर के किसानों और ग्रामीण समुदायों के साथ संपर्क स्थापित करते हुए भारतीय किसानों को बैंकिंग और कृषि में प्रौद्योगिकी के उपयोग के लिए प्रेरित करना है।

बेमेतरा में आयोजित मेगा किसान मेले का उद्घाटन श्री राजेश मल्होत्रा, मुख्य महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा, श्री दिवाकर प्रसाद सिंह, महाप्रबंधक, रायपुर अंचल प्रमुख, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं मुख्य अतिथि डॉ.संदीप भंडारकर, अधिष्ठता, कृषि विश्वविद्यालय बेमेतरा द्वारा किया गया। राज्य/क्षेत्र में बड़ौदा किसान पखवाड़ा 2024 के दौरान, बैंक ने 130 आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से 15000से अधिक किसानों से संपर्क किया और लगभग ?65करोड़ के कृषि ऋण संवितरित/स्वीकृत किए। रायपुर अंचल में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और धमतरी क्षेत्र शामिल हैं।

इस वर्ष के बड़ौदा किसान पखवाड़ा के हिस्से के रूप में, बैंक ने किसानों के लिए अपनी प्रमुख डिजिटल पेशकशों जैसे-डिजिटल बड़ौदा किसान क्रेडिट कार्ड और डिजिटल गोल्ड लोन का प्रचार-प्रसार किया। बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपने बड़ौदा किसान क्रेडिट कार्ड (BKCC) को रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH) के साथ एकीकृत किया है ताकि डिजिटल भूमि रिकॉर्ड और कृषि संबंधी जानकारी प्राप्त करते हुए किसानों को डिजिटल बीकेसीसी ऋण प्रदान किया जा सके। इसमें ग्राहक के ऑनबोर्डिंग से लेकर संवितरण तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया एंड-टू-एंड डिजिटल है। डिजिटल बीकेसीसी की सुविधा फिलहाल 17 राज्यों में उपलब्ध है और इसे जल्द ही अन्य राज्यों में भी विस्तारित करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा, डिजिटल गोल्ड लोन के माध्यम से, ग्राहक बैंक के डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अपनी सुविधानुसार गोल्ड लोन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के श्री राजेश मल्होत्रा, मुख्य महाप्रबंधक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने कहा कि बड़ौदा किसान पखवाड़ा, जो अब अपने 7वें वर्ष में है, देश के किसानों को नवीन बैंकिंग समाधानों के माध्यम सेसहयोग प्रदान करने की बैंक ऑफ़ बड़ौदा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस वर्ष, हम कृषि समुदाय के लिए बैंकिंग की सहज उपलब्धता के लिए डिजिटल बड़ौदा किसान क्रेडिट कार्ड और डिजिटल गोल्ड लोन सहित अपनी डिजिटल पेशकशों का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। रायपुर अंचल में आयोजित किसान बैठकों, चौपालों और किसान मेलों जैसे कई कार्यक्रमों के माध्यम सेहम अपने ग्राहकों के साथ संबंधों को और प्रगाढ़ करने और उनकी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने में सफल रहे हैं।

बैंक ऑफ बड़ौदा की रायपुर अंचल में 205 शाखाएँ हैं, जिनमें से 138अर्ध-शहरी/ग्रामीण शाखाएँ हैं। बैंक केरायपुर अंचल के लिए कृषि क्षेत्र में किसान क्रेडिट कार्ड, गोल्ड लोन, ट्रैक्टर लोन और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ऋण प्रमुख संभावनाओं वाले क्षेत्र हैं। 30 सितंबर, 2024 तक, रायपुर अंचल में बैंक के कृषि ऋण पोर्टफोलियो ने वर्ष-दर-वर्ष 6.45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। बड़ौदा किसान पखवाड़ा का उद्देश्य बैंक को भारतीय कृषक समुदाय के साथ अपने जुड़ाव को बढ़ाने, बैंक के विभिन्न कृषि उत्पादों और पहलों के बारे में जागरूकता लाने और कृषि क्षेत्र के लिए भारत सरकार की योजनाओं को प्रोत्साहन देने में मदद करना है।

डिजिटल बड़ौदा किसान क्रेडिट कार्ड के लिए डू इट योरसेल्फ (DIY) मोड में आवेदन करने और 1.60 लाख रुपये तक का क्रेडिट प्राप्त करने के लिए, ग्राहक इस लिंक पर विजिट कर सकते हैं- https://dilw.bankofbaroda.co.in/kl. डिजिटल गोल्ड लोन के लिए आवेदन करने के लिए, ग्राहक इस लिंक पर विजिट कर सकते हैं- https://dilw.bankofbaroda.co.in/gl/gl/home#!. बैंक ऑफ़ बड़ौदा से कृषि ऋण के लिए आवेदन करने के लिए, ग्राहक इस लिंक पर विजिट कर सकते हैं- https://bit.ly/AGRILoans.

# अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता आईडियाथॉन 4.0 में श्री दावड़ा वि.वि. के छात्रों ने हासिल किया पहला स्थान




**नवा रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री दावड़ा विश्वविद्यालय जो केवल छह महीने पहले अपने स्थापना के साथ नित नवीन कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसी श्रेणी में अंतरराष्ट्रीय स्तर की आईडियाथॉन 4.0 प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता कलिंगा विवि द्वारा आयोजित की गई थी। जिसमें देश के प्रबुद्ध 48 शैक्षणिक संस्थानों की टीमों ने भाग लिया।देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थान, जैसे आईआईटी और एनआईटी, भी शामिल थे।

श्री दावड़ा विश्वविद्यालय की विजेता टीम में एमबीए के मुस्कान और निखिल, बीबीए-होटल मैनेजमेंट के शिवम, और बीएससी फॉरेंसिक साइंस के आशीष व फैजान शामिल रहे। टीम का नेतृत्व वाणिज्य और प्रबंधन विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री राजेश रंजन ने किया।

विजेता टीम ने टॉप मोरिंगा नामक एक स्टार्टअप बिजनेस का विचार प्रस्तुत किया, जिसका उत्पाद मोरिल्क बच्चों और वयस्कों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस विचार ने जूरी का ध्यान आकर्षित किया और इसे प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ व्यावसायिक विचार घोषित किया गया। प्रतियोगिता में दूसरा स्थान आईआईटी हैदराबाद और एक अन्य टीम ने साझा किया, जबकि तीसरा स्थान इंडोनेशिया के एक संस्थान को मिला। विजेता टीम को ?25, 000 धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया।

यह श्री दावड़ा विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए पहली बार था जब उन्होंने विश्वविद्यालय के बाहर किसी प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने पहले ही प्रयास में प्रथम स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय और उसके छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। विवि महानिदेशक डॉ चार्मी दावड़ा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री चिन्मय दावड़ा, विवि कुलसचिव श्री कुमार श्वेताभ, मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ. वरुण गंजीर ने विजयी दल की सराहना करते हुए सभी विद्यार्थियों को आगामी और भी सौजन्य में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।










प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354